इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 44 | अंक - 328 | राजनांदगांव, शनिवार 18 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## गुजरात में नए मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा, हर्ष संघवी बने डिप्टी सीएम

गांधीनगर। भाजपा शासित गुजरात सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल हुआ है। इसमें जहां हर्ष संघवी को उप मुख्यमंत्री बनाया गया, वहीं चार दिग्गज नेताओं का कैबिनेट मंत्री का दर्जा यथावत रखा गया। ऋषीकेश पटेल, कनुभाई देसाई, कुंवरजी बावलिया, प्रफुल्ल पानसेरिया और परषोत्तम देसाई का जलवा बरकरार रहा। वहीं, अर्जुन मोढवाडिया को उनके कद के अनुसार कैबिनेट का दर्जा मिला।

पूर्व सीएम शंकर सिंह वाघेला के समधी बलवंत सिंह राजपूत मंत्रिमंडल से बाहर हो गए। जबकि पाटीदार नेता जयेश रादडिया भारी पड़ गईं। आंदोलन से पहचान बनाने वाले अल्पेश ठाकोर व हार्दिक पटेल भी मंत्री पद नहीं पा सके। नए मंत्रियों को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने


शुक्रवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### दिग्गज नेताओं का कैबिनेट दर्जा बरकरार

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी के बीच बेहतर तालमेल है। आगामी महानगरपालिका, नगरपालिका चुनाव के साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में यह जोड़ी कमाल दिखा सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में सौराष्ट्र, उत्तर-दक्षिण गुजरात के साथ ओबीसी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को भी पूरी तरह साधा गया। इस मंत्रिमंडल में तीन महिला नेताओं को स्थान मिला। जबकि, सरकार व संगठन को मुश्किल में डालने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जिन मंत्रियों पर नागरिकों की उपेक्षा, केंद्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ बना मॉडल राज्यः आदि कर्मयोगी अभियान और पीएम जन मन योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन


राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान

रायपुर। छत्तीसगढ़ को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जनमन योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य की ओर से प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। धमतरी और कोरिया के कलेक्टरों सहित मोहला-मानपुर, बालोद और दंतेवाड़ा जिलों को भी 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

राज्य के एक स्टेट ट्रेनर को भी व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बधाई दी है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, यह सम्मान छत्तीसगढ़ के मेहनती अधिकारियों और कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। हमारी सरकार की जनजातीय विकास नीतियाँ अब पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने भी समस्त विभाग को बधाई देते हुए कहा- यह पुरस्कार उन कर्मयोगियों को समर्पित है जिन्होंने जनजातीय सेवा को जन-आंदोलन का रूप दिया है।












# जयस्तंभ चौक में पसरा दुकानें फिर सड़क पर, निगम की कवायद पर फिरा पानी



## सड़क पर पसरा यथावत लगे रहने देने की हो रही राजनीति

राजनांदगांव (दावा)। त्योहारी सीजन के मद्देनजर तथा शहर के व्यापारी संगठन की मांग पर नगर निगम द्वारा जयस्तंभ चौक के आसपास अवैध कब्जा हटाए का अभियान छेड़ा गया था। इस अभियान के तहत निगम द्वारा पूजा सामग्री व सजावट के सामान सहित अन्य चीजों का पसरा लगाने वाले फुटकर दुकानदारों को वहां से हटाकर आईडीबी आई बैंक सामने उन्हें दुकान लगाने व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद भी उक्त फुटकर पसरा दुकानदार वहां दुकाने न लगाकर जहां के यहां जमे हुए हैं। फुटकर दुकानदारों द्वारा निगम की उक्त व्यवस्था को धता बता कर फिर से वही दुकानदारी करने से वहां पर का यातायात बाधित हो रहा है वहीं लोग निगम द्वारा कांग्रेस भवन में उपलब्ध कराए गए अस्थाई पार्किंग व्यवस्था का भी समुचित रुप से लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

बताया जाता है कि कुछ लोग इन फुटकर दुकानदारों के प्रति संवेदना दिखाने कि आड़ में इन्हें यथावत जमे रहने की राजनीति कर दी गई है। इससे ये दुकानदार जयस्तंभ चौक को घेर कर सड़क तक पसरा लगाकर अपनी दुकान धारी करनी शुरू कर दी है। बता दें कि जयस्तंभ चौक को घेर कर दुकाने लगाने वालों को करवा चौथ तक दुकाने लगाने का मौका दिया था इसके बाद में दीपावली त्यौहार के लिए उन्हें आई डी बीआई बैंक के सामने दुकाने लगानी थी किंतु निगम की उक्त व्यवस्था पर पानी फेरते हुए उक्त दुकानदार जहां के तहां जमे हुए हैं।त्योहारी सीजन में सड़क तक पसरा लगा दिए जाने के कारण खरीदी के लिए शहर आने वालों को खासी परेशानी हो रही है। जयस्तंभ चौक में सड़क के दोनों ओर पसरा लगे रहने के कारण लोगों के आवागमन में दिक्कतें हो रही है वहीं दूसरी दिक्कत वाहनों की पार्किंग के रूप में सामने आ रही है। सड़क तक पसरा लगे होंने के कारण लोग सड़क पर ही पार्किंग कर दे रहे हैं, जिसे ट्रैफिक वाले क्रेन से उठाकर ले जाने से वाहन मालिकों को जुर्माना भरना पड़ रहा है।

### निगम की व्यवस्था को धता बता दिए पसरा वाले

बता दें कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर व्यापारी संगठन द्वारा शहर की सड़कों से अवैध कब्जा हटाने की मांग पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक में पसरा लगाने वाले दुकानदारों को वहां से हटाकर आईडी बीआई बैंक के सामने दुकाने लगाने की व्यवस्था कराई गई है। वहीं कांग्रेस भवन के खाली जगह पर अस्थाई तौर पर वाहन पार्किंग के लिए व्यवस्था कराई गई है। लेकिन उक्त व्यवस्था को धता बता कर पसरा वाले जयस्तंभ चौक को घेर कर अभी भी जमे हुए हैं। इससे वहां पर की यातायात बाधित हो रही है। जयस्तंभ चौक के आसपास दूर तक पसरा वालों का जमावड़ा होने के कारण लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा? रही। लोग दुकान दारों के पसरा को लांघ कर कांग्रेस भवन पार्किंग स्थल पर नहीं जा पाने की स्थिति में त्रिपदा फोटो के आसपास पार्किंग कर दिए जाने से ट्रेफिक वाले उन वाहनों को ट्रेकिंग कर उठा ले जा रहे हैं इसके उन्हें जुर्माना भरना पड़ रहा है। लोगो का कहना है कि त्योहारी खरीदी के लिए बाजार आने वाले लोगों का कहना है कि या तो नगर निगम जयस्तंभ चौक में पसरा लगाने वाले फुटकर दुकानदारों को चिन्हित स्थान में पसरा लगाने के लिए बाध्य करें नहीं लगाने पर उन्हें पर सख्ती दिखाया जाए। इससे लोगों को यातायात जाम की परेशानी से निजात मिलेगी वहीं लोगों के कांग्रेस भवन में अस्थाई पार्किंग बनाए जाने का लोगों को लाभ मिलेगा। ट्रेफिक पुलिस वालों पर इस संबंध में पूछने पर इसे नगर निगम का मामला बताते हैं अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं।अब दीपावली सीजन में शहर में खरीदी के लिए उमड़ने वाली भीड़ से जयस्तंभ चौक में व्यवस्था बनाने की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त की बनी हुई है।

# दीपावली पर सनसिटी में रंगोली एवं दिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। धनतेरस से दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर महावीर सनसिटी सोसाइटी में लगातार चौथे वर्ष अपने अपने घर आंगन को दिये से सजाओ तथा रंगोली बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। सनसिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में आयोजित इन दोनों प्रतियोगिताओं में 60 से अधिक नाम आ चुके हैं। कालोनी के परिवारों में इस प्रतियोगिता के लिए काफ़ी उत्साह है, 18 अक्तूबर धनतेरस के शुभ दिवस संध्या में अपने घर आंगन को मिट्टी के दीयों का उपयोग करना होगा। दूसरे दिन 19 अक्टूबर रूप चौदस की संध्या में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता होगी, जिसे दो वर्ग में रखा गया है। जिसमें स्वयं के द्वारा बनाई गई, दूसरा किसी कलाकार द्वारा बनाई गई रंगोली होगी। दोनों प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिसमें प्रथम दितीय तृतीय को नगद पुरस्कार के अलावा सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं। जो सभी प्रतिभागी को दिये जायेंगे, संस्कारधानी को इस शानदार आयोजन का इंतज़ार रहता है, सभी नगरवासी इसे देखने सनसिटी पधारते हैं।

इस कार्यक्रम के प्रभारी श्रीमति नीलू अग्रवाल, श्रीमति दीप्ति बिंदल, श्रीमति कृष्ण माहेश्वरी, श्रीमति कीर्ति अग्रवाल, श्रीमति पिंकी माहेश्वरी, श्रीमति रितिका तिवारी, श्रीमति प्रभा गोलछा, श्रीमति नीलम सोनी, श्रीमति मेघाली चोपड़ा होंगे। अतुल चोपड़ा निर्णायक मंडल के प्रभारी होंगे। सम्पूर्ण तैयारी चल रही है। साथ ही सनसिटी के खुशखबरी है कि इस वर्ष मित्र मंडल सदर बाजार की ओर से रंगोली प्रतियोगिता के दोनों ग्रुप के लिए 5100 प्रथम, 3100 द्वितीय, 2100 तृतीय पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। सनसिटी परिवार के अंशुल, शुभम चोपड़ा, श्रेयांश शर्मा को इसका प्रभारी बनाया गया है। सनसिटी परिवार मित्र मंडल का आभारी है। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता, कुणाल शर्मा ने दी।

## पहला कॉलम...

### श्रीमती सरिता चौहान (राजपूत) को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



राजनांदगाँव(दावा)। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच के तत्वाधान में श्रीमती सरिता चौहान (व्याख्याता) शा.उ.मा. विद्यालय रेंगाकठेरा, (बखत) में पदस्थ है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवा, खेल, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान, गरीब, निर्धन बच्चों को आर्थिक सहयोग देना, धार्मिक शिक्षा, समाज सेवा, वृक्षारोपण, देव मंदिरों में सहयोग, जैसे रचनात्मक कार्य आपके द्वारा किया गया । वर्तमान में 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान शिक्षा कला अकादमी रायपुर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति व ग्रामवासियों के द्वारा बधाई दी गई।

### आदर्श ग्राम सुरगी में 25 को मंडई मेला




राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री के आदर्श ग्राम सुरगी में 25 अक्टूबर को मंडई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में दिनभर विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रिकालीन समय में लोगों के मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी 'राधा कृष्ण नाच पार्टी' ग्राम दुर्रे बंजारी का विशेष प्रदर्शन रखा गया है। ग्रामीण जनों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### टास्क फोर्स समिति की बैठक 23 को

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर 2025 को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कल भरकाटोला में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। कल 19 अक्टूबर को ग्राम-भरकाटोला (सहसपुर दल्ली) जिला राजनांदगांव में 'दिवाली महोत्सव' के उपलक्ष्य में 'भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन' आदर्श युवा ग्रुप के तत्वाधान में रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक पुरस्कार-सामूहिक पुरस्कार प्रथम स्थान 11000 युगल प्रथम पुरस्कार 5000 एकल प्रथम पुरस्कार 3000 सभी वर्गों में पंचम पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी युगल डांस के अध्यक्ष गंगा प्रसाद ने दी।

### लखन सिंह राजपूत का निधन



डोंगरगांव (दावा)। सिनेमा लाइन निवासी लखन सिंह राजपूत का शुक्रवार सुबह 10:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। वे 75 साल की आयु में अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। श्री राजपूत वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह राजपूत एवं व्यवसायी जय राजपूत के पिता थे, उनकी अंतिम यात्रा डोंगरगांव स्थित निज निवास से आज 3:30 बजे निकाली जाएगी।

### चमेली दुबे का निधन



डोंगरगाव (दावा)। शहर के सेवानिवृत शिक्षक कृष्णकुमार दुबे की धर्मपत्नी एवं व्यवसायी राजकुमार दुबे (राजू), राकेश दुबे (रिंकू) की माताजी श्रीमती चमेली दुबे का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज 18 अक्टूबर दिन शनिवार को समय सुबह 11:00 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में होगा।




# कलेक्टर ने पुष्प वाटिका में प्रस्तावित सियान गुड़ी निर्माण स्थल का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव शहर के पुष्प वाटिका में प्रस्तावित सियान गुड़ी (डे केयर सेंटर) निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल्द ही सियान गुड़ी की स्थापना की जाएगी। जहां 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करेंगे। सियान गुड़ी केवल एक सुविधा केन्द्र नहीं बल्कि वरिष्ठजनों के लिए दूसरा घर होगा, जहां पर वरिष्ठजनों को स्नेह, सहयोग, देखभाल, मनोरंजन एवं आत्मीयता मिलेगी। यहां वरिष्ठजनों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर कार्य किया जाएगा। सियान गुड़ी ऐसा स्थल होगा, जहां वरिष्ठजन दिन में आकर न केवल सुरक्षित महसूस करेंगे, बल्कि जीवन को एक नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जिएंगे तथा शाम को अपने घर लौट जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आनंद दायक डे केयर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सियान गुड़ी की की स्थापना की जाएगी। जिसका उद्देश्य विशेष रूप से अकेले और आश्रित वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाना है। सियान गुड़ी में मनोरंजन, सांस्कृतिक व सामुदायिक गतिविधियां, डिजिटल साक्षरता, योग-प्राणायाम और फिजियोथेरेपी व व्यायाम, स्वास्थ्य जांच, ध्यान और काउंसलिग, मेमोरी क्लीनिक और कागनेटिव गेम्स, कानूनी एवं पारिवारिक परामर्श, सेंटर में संगीत, नाटक, पेंटिंग, कहानी-कविता पाठ सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध होगी।

# एनबीआईएस, बोरी में इकोज ऑफ टैलेंट का रंगारंग समापन




## पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 11 अक्टूबर से चलने वाले पांच दिवसीय इकोज ऑफ टैलेंट का 15 अक्टूबर को रंगारंग समापन समारोह आयोजित किया गया।

समापन समारोह में जाने माने समाजसेवी संजय जैन की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय जैन व एनबीआईएस के संचालक नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी द्वारा सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र में दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। पांच दिवसीय चलने वाले इस आयोजन में सभी प्रतियोगिताओं के लिए विषय संबंधित निर्णायकों का चयन किया गया था, जिनका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य रहा।

शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी व एडमिन नितिन चौहान द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों व निर्णायकों का स्वागत किया गया। पांच दिवसीय चलने वाले इस आयोजन में पहले दिन एजुकेशनल मेला के साथ फन फेयर, रंगोली, मेहंदी व क्ले मॉडलिंग आयोजित की गई। दूसरे दिन के आयोजन में हिंदी व अंग्रेजी भाषा में शब्द सृजन को शामिल किया गया। साथ ही यूथ पार्लियामेंट में बच्चों द्वारा राजनीति, वाद विवाद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

तीसरे व चौथे दिन आयोजन में विभिन्न खेलों को जोड़ा गया था, जिसमें इंडोर एवं आउटडोर गेम्स में बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दिये। आखिरी व पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें छोटे बच्चों हेतु फैंसी ड्रेस, गायन, वादन, नृत्य, अभिनय के द्वारा बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारा गया। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पैरेंटल थिम में, बच्चों के साथ पैरेंट्स ने भी अपनी पूरी सहभागिता निभाई।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि हर बच्चे में अपनी विशेष प्रतिभा होती है, हमें जरुरत है बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें एक मंच देने की। इकोज ऑफ टैलेंट द्वारा शाला द्वारा बच्चों को मंच प्रदान किया है, जिसमें बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन किये है। इस पांच दिवसीय चलने वाले आयोजन में शाला के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इकोज ऑफ टैलेंट के सफल आयोजन के लिए शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी ने अभिभावक, बच्चों व शाला परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में नृत्य नाटक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्ता युक्त शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में इंटर हाउस नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भगत हाउस और जवाहर हाउस ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया।

भगत हाउस की इंचार्ज आकांक्षा साहू के निर्देशन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रिया जैन द्वारा सिखाए गए डांस बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को अधिक आकर्षित किया। 'रक्तबीज' इस ड्रामा के माध्यम से छात्रों ने काली माता की महिमा और शक्ति को दर्शाया। यह ड्रामा न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह छात्रों को काली माता की कथा और महत्व के बारे में जानने का अवसर भी प्रदान करता है, वही इंग्लिश ड्रामा में भी छात्रों ने अपनी अदाकारी का जलवा दिखाया।

### जवाहर हाउस का धमाकेदार प्रदर्शन 'बदलाव' ड्रामा ने जीता दर्शकों का दिल

जवाहर हाउस की इंचार्ज जया भारती और पुष्प लता के निर्देशन में छात्रों ने 'बदलाव' ड्रामा का मंचन किया, जिसमें सामाजिक बदलाव और प्रगति के महत्व को उजागर किया गया। शालिनी चितलांग्या, आंचल राजपूत और श्रद्धा वैष्णव के मार्गदर्शन में छात्रों ने एक शानदार डांस प्रदर्शन भी पेश किया जिसमें दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से समां बांध दिया और साथ में छात्रों ने इंग्लिश ड्रामा में भी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों हाउस के छात्रों ने अपनी अदाकारी और प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और भाषाई कौशल को विकसित करने का अवसर मिला।

सभी दर्शक कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक अपनी कुर्सियों से चिपके रहे एवं रॉयल किड्स कान्वेंट का विशाल प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा। ज्ञातव्य है कि इस प्रकार की साहित्यिक गतिविधियां छत्तीसगढ़ में सिर्फ और सिर्फ रॉयल किड्स कान्वेंट में यहां के निर्देशक श्रेयांश बहादुर सिंह के सफल निर्देशन में आरंभ से ही कराई जा रही है।

इस अवसर पर स्कूल की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, आईसीएसई उपप्राचार्या श्रीमती ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती इला सिंह और सभी अभिभावक उपस्थित थे एवं समस्त कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रॉयल किड्स कान्वेंट हमेशा से बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ते कदम रखता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था। भगत हाउस और जवाहर हाउस के छात्रों ने अपनी अद्वितीय नृत्य और अभिनय से दर्शकों को मोहित किया। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने कहा, 'यह प्रतियोगिता छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट मंच है।' इस अवसर पर डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह सर ने कहा, 'हमें अपने छात्रों की प्रतिभा पर गर्व है। वे अपने अद्भुत प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार दिए गए। स्कूल प्रबंधन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार जांच परीक्षा में शामिल हुए जिले के 35 स्काउट-गाइड



राजनांदगांव(दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा स्काउट हेतु राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर एवं गाइड हेतु आडवानी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिरगांव रायपुर में राज्य स्तरीय पुरस्कार जांच परीक्षा 2025 स्काउट-गाइड शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से 23 स्काउट एवं 12 गाइड, कुल 35 स्काउट-गाइड शामिल हुए। परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल सेंदरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढारा, सोनेसरार, खुज्जी, डोंगरगांव, जंगलपुर, बिजेभाठा, हरडूवा, मुढ़ीपार, मासुल से प्रतिभागिता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि स्काउट्स एवं गाइड्स कुल 30 माह के राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दल प्रवेश से लेकर विभिन्न सोपान को चरणबद्ध तरीके से कड़ी मेहनत के बाद पूर्ण कर राज्य स्तरीय पुरस्कार जांच परीक्षा 2025 में शामिल होते है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्यपाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस की पात्रता होती है।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव**
**ईश्तहार**

आवेदक पन्नालाल आ. सुकलू देवांगन निवासी बजरंगपुर नवागांव, तहसील जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बजरंगपुर नवागांव, प.ह.नं. 36 तहसील व जिला-राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 127/1/ख. रकबा 0.100हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक का नाम दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 13/8/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 23/7/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 23/7/2025
पेशी दिनांक - 13/8/2025

**तहसीलदार, राजनांदगाँव**

# इस दिवाली वार्डो में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था

### 51 वार्डो में लगभग 600 नई एलईडी लाईट लगी



राजनांदगांव(दावा)। इस दिवाली वार्डो में पर्याप्त रोशनी एवं कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे नागरिकों को रात में आने जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से डर बना रहता था, वहा नगर निगम द्वारा नई लाईट लगाने तथा विद्युत पोलों की खराब लाईटे बदलने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही लाईटों का मरम्मत भी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 600 नई एलएईडी लाईट लगाई गयी है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा व वार्डो में पर्याप्त रोशनी को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली में वार्डो में पर्याप्त रोशनी को ध्यान में रख वार्डो की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट की आवश्यकता थी, वहॉ लाईट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 51 वार्डो में लगभग 500 नई लाईट आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगायी गयी है, तथा जी.ई.रोड में लगाने की कार्यवाही की जा रही है, इस प्रकार लगभग 600 नई लाईटे लगाई गयी है तथा 675 खराब लाईटे मरम्मत की गयी है, शेष लाईटे मरम्मत भी की जा रही है। इस संबंध में महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डो के विद्युत खम्बों में वार्डवासियों के लिये आवश्यकता अनुसार लाईट लगाई जाती है, समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। दीपावली त्योहार को देखते हुए वार्डो में एवं शहर के कुछ क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी, जिससे अंधेरा व्याप्त था, इनमें कई ऐसे क्षेत्र है जो दुर्घटनाजन्य क्षेत्र है जहॉ अंधेरा के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, जहॉ निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 51 वार्डो में 10-10 लाईट के हिसाब से 500 से अधिक लाईटे लगायी जा चुकी है एवं जी.ई.रोड में लगाने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे दीपावली त्यौहार में जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है वहॉ रोशनी से जगमगा उठे। महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है जिसके आधार पर पार्षदों से मांग प्राप्त हो रही है। मांग अनुसार अतिशीघ्र लाईट लगाने की कार्यवाही की जायेगी। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा और सभी वार्डो में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था होगी।

**शुभांक**

अनुमानित

**बी. के.**
2-4-6
146-1 348-5
**राजधानी**
1-5-7
125-8 168-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आज धनतेरस : बाजार में होगी जमकर धन वर्षा, पूजे जाएंगे भगवान धन्वंतरि

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धन तेरस का पर्व आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। धनतेरस धन की देवी मां लक्ष्मी के आगमन का पर्व है। साथ ही देवताओं का वैद्य भगवान धन्वंतरि के प्रादुर्भाव होने का भी पर्व है। मां लक्ष्मी समुद्र-मंथन से जहां स्वर्ण कलश ले कर प्रकट हुई वैसे ही भगवान धन्वंतरि अमृत कलश ले कर प्रकट हुए थे। इस अमृत को पाने के लिए देवता और दानव के बीच लड़ाई हुई थी। चूंकि भगवान धन्वंतरि आज के ही दिन समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे इसलिए आज कार्तिक मास के त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि का जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। आयुष ज्ञान से जुड़े हुए चिकित्सक, डाक्टर, वैद्य,आयुर्वेदाचार्यों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है वहीं आम व खास सभी के द्वारा आयुष के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा कर अपनी स्वास्थ्य रक्षा व दीर्घायु होने की कामना की जाती है।

बता दें कि धन की देवी मां लक्ष्मी और और भगवान धन्वंतरि दोनों में धन शब्द जुड़ा हुआ है इसलिए इस दिन सोना - चांदी, बर्तन व अन्य धन -धान्य को समृद्ध करने वाले चीजों की ख़रीदी की जाती है जिसे काफी शुभ माना गया है।

### बाजार में जमकर होगी खरीदारी

धन की देवी मां लक्ष्मी व दीपोत्सव का पर्व दीपावली सोमवार 20 अक्टूबर की अमावस्या को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दिन हस्त नक्षत्र में धन- संपदा की देवी महा लक्ष्मी का पूजन किया जाएगा। इसके दो दिन पूर्व धन त्रयोदशी का पर्व है। इस दिन सोने-चांदी के गहने, बर्तन आदि लेने का विधान है। चूंकि धन तेरस के दिन खरीदी का काफी शुभ माना गया है। इसलिए खरीदी मुहुर्त पर बाजार में जमकर





खरीदारी होगी। इससे बाजार का हर सेक्टर गुलजार बना रहेगा। खासकर सोने चांदी के जेवर, नए वस्त्र परिधान, नवीन बर्तन व दो पहिया-चार पहिया वाहनों सहित इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की जमकर खरीदारी होगी।बता दें कि 14 एवं 15 अक्टूबर के दिन दो दिनों तक मंगल व बुध पुष्य नक्षत्र पर बाजार में जमकर खरीदारी हुई थी। पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त को देखते हुए लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामान भी जमकर खरीदें गए। दो दिनों तक बाजार में भीड़ उमड़ी रही । इससे व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। व्यापारियों की मानें तोढ दो दिनों के भीतर करोड़ों का व्यवसाय हुआ है।

**0 धनतेरस पर सजा शहर का बाजार**
**0 कपड़ा, बर्तन, सोने-चांदी की होगी, जमकर खरीदारी**

### धनतेरस में होगी जमकर धन वर्षा

बताते चलें कि दीपावली पर्व को लेकर बाजार में सप्ताह भर पहले से ही चहल पहल शुरू हो गई है। पर्व को देखते हुए शहर के व्यापारियों ने अपनी दुकानें आकर्षक ढंग से सजा लिए है। चूंकि आज धनतेरस है इसलिए ग्राहकों को आकर्षित करने व्यापारियों द्वारा खरीदी पर छूट के आकर्षक आफर भी दिए जा रहे हैं। गिफ्ट आइटम सहित एक्चेंज आफर व पैसे बाद में देने के भी आफर है। कई लोगों ने तो इसका लाभ उठाते हुए धनतेरस की खरीदी दिन के लिए पहले से ही बुकिंग करवा लिए है। इससे कपड़ा दुकानों से लेकर ज्वेलरी दुकान व इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र सहित आटोमोबाइल सेक्टर भी नई व्हेराइटियो की चमक डिजाइनों की बहार से गुलजार बना हुआ है।

इस बार लोग ट्रेडिशनल को माडर्न टच के साथ पसंद कर रहे हैं। वस्त्रालयो में युवतियां शरारा सेट और मिरर वर्क लहंगे,फ्लोर लेंथ की ओर आकर्षित हो रही है वहीं युवाओं की पसंद में जार्जेट कुर्ता, एक दूसरे में मैच करते परिधान व स्टाइलिश नेहरू जैकेट काफी पसंद कर रहे हैं। इसी तरह बच्चों के कपड़ों में कार्टून थीम एम्ब्रायडरी, लाइटेंड ड्रेस,फ्यूजन एथनिक वियर, ट्रेडिशनल-फ्यूजन स्टाइल और चमकदार रंगों वाले बच्चों को खासा लुभा रहे हैं।

### सोने चांदी के ज्वेलरी बाजार में रहेगा रश

बता दें कि सोने-चांदी के आसमान छूते दाम को देखते हुए लोगों की इन महंगी धातुएं को खरीदने की हिम्मत नहीं हो रही है। इससे सर्राफा बाजार सुस्त पड़ा हुआ है। इसके बाद भी धनतेरस की शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए बाजार में खासा रन बना रहेगा। बता दें कि वर्तमान में सोने के दाम प्रति दस ग्राम जहां 1 लाख 29 हजार रुपए तक जा रहा है वहीं चांदी प्रति किलो ग्राम डेढ़ लाख से और भी उपर है। ऐसे हालात में लोग सोने-चांदी के जेवर खरीदने अपने बस की बाहर बता रहे है। चूंकि शुभ पर्व व मुहूर्त की ख़रीदी मायने रखता है इसलिए ज्यादा न सहीं लोग सोने - चांदी के जेवर कुछ न कुछ खरीदेंगे। क्योंकि इस खरीदी का मां लक्ष्मी पूजन दीवाली के दिन पूजा की जाती है। इसलिए बाजार में इन महंगी धातुएं की खरीदी की ओर लोग आकर्षित रहेंगे। कुल मिलाकर देखा जाए तो आज धनतेरस पर कपड़ा बाजार से लेकर बर्तन बाजार , सर्राफा बाजार व इलेक्ट्रॉनिक आइटमों सहित आटोमोबाइल सेक्टर वाला बाजार गुलजार रहेगा। बताते चलें कि इलेक्ट्रॉनिक आइटमों में जीएसटी कम होने से इसका उठाव बढ़ गया है। लोग दीपावली पर घरेलु सजावट के सामान में रंग-बिरंगी विद्युत झालर आदि सहित एलईडी टीवी, फ्रिज, लाबिंग मशीन, गीजर आदि खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। प्रति वर्ष दीपावली पर सोना और चांदी की खरीदने वाले ग्राहकों का कहना है कि इन महंगी धातुएं के दाम बढ़ने से महज नेंग के लिए ही सही पर कुछ न कुछ खरीदी की जाएगी। अतः कहा जा सकता है कि पर्व की शुभ खरीदी के चलते शहर का बाजार गुलजार रहेगा और करोड़ों का व्यवसाय की उम्मीद की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में जमीन रजिस्ट्री में ऋण पुस्तक की अनिवार्यता समाप्त, सीएम का बड़ा निर्णय

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए जमीन की खरीदी, बिक्री और उसके पंजीयन सहित जमीन रजिस्ट्री में ऋण पुस्तक की अनिवार्यता को ख़त्म कर दिया है. जिसका आदेश भी जारी कर दिया गया है. जारी आदेश में लिखा गया है कि कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख की प्रविष्ठियों का इंद्राज कर किसानों को ऋण पुस्तिका जारी की जाती है. इसके अलावा किसानों को समय समय पर दिए जाने वाले ऋण, बंधक आदि का रिकार्ड भी ऋण पुस्तिका में दर्ज किया जाता है. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में राजस्व अभिलेख ऑनलाइन कर दिए गए हैं, तथा भूमि पर भारित ऋण की प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है. राजस्व अभिलेखों के गिरदावरी संबंधी रिकार्ड ऑनलाईन अद्यतन होते हैं जो ऋण पुस्तिका में अद्यतन नहीं हो पाते हैं.

पंजीयन अधिकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के समय ऑनलाइन प्रविष्टियों से डाटा मिलान किया जाता है, दस्तावेज में शुल्क अवधारण के या पंजीयन के उद्देश्य से ऋण पुस्तिका की कोई विशेष प्रासंगिता नहीं होती हैं. पंजीयन अधिकारियों के लिए ऋण पुस्तिका के तथ्यों की सत्यता जांचने का कोई प्रावधान नहीं है. प्रायः यह देखने में आया है कि भौतिक ऋण पुस्तिका की कमी अथवा अन्य कारणों से क्रेता किसानों को जमीन खरीदी-बिक्री के बाद नई ऋण पुस्तिकाएं समय पर नहीं मिल पाती हैं. इससे पक्षकारों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासन की छवि भी खराब होती हैं. प्रदेश में दस्तावेजों का ऑनलाईन पंजीयन वर्ष 2017 से किया जा रहा है, तथा भुईयां से किसानों को नक्शा खसरा व बी-1 की प्रति भी ऑनलाइन प्राप्त हो रही है. विक्रेता के स्वामित्व के वेरिफिकेशन हेतु पंजीयन साफ्टवेयर का भुईया के साथ इंटीग्रेशन किया गया है, जिससे पंजीयन के समय दस्तावेज में वर्णित तथ्यों का राजस्व विभाग के डाटा से ऑनलाइन मिलान होने पर पंजीयन की कार्रवाई की जाती है. शासन द्वारा राजस्व विभाग के साफ्टवेयर में ऑटो म्यूटेशन का प्रावधान किया गया है. जिसके तहत् भूमि के पंजीयन के साथ ही स्वतः खसरे का बटांकन होकर नवीन बी-1 जनरेट हो जाता है, जिसमें क्रेता एवं विक्रेता के पास धारित भूमि की जानकारी स्वतः अद्यतन हो जाती है. प्रदेश में भूमि के पंजीयन से लेकर अन्य कार्य ऑनलाईन हो रहे हैं, जिसके तहत् पंजीयन प्रणाली को पेपरलेस भी किया गया है। भुईयां पोर्टल पर भूमि का बी-1, खसरा एवं नक्शा आदि ऑनलाइन उपलब्ध है, और मान्य भी है. अतः अब भौतिक रूप से प्रदाय की जा रही ऋण पुस्तिका या किसान किताब की पंजीयन हेतु आवश्यकता नहीं है. अतः दस्तावेजों के पंजीयन के लिए किसानों / पक्षकारों से ऋण पुस्तिका की मांग न की जाए. भूमि के स्वामित्व फसल विवरण एवं पंजीयन हेतु प्रासंगिक अन्य तथ्यों की पुष्टि ऑनलाइन डाटा से अनिवार्य रूप से किया जाए.

## आज रॉयल किड्स में खेलकूद समापन समारोह

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आज 18 अक्टुबर को खेलकूद समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि मृणाल चौबे अध्यक्ष अतिथि होंगे। इस समारोह में छात्रों की खेलकूद प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, सरदार बलदेव सिंह भाटिया चेयरमैन, अशोक चौधरी उपाध्यक्ष, प्रशासक निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावन्त बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बर्सर इंद्र कुमार वैष्णव, डॉ. अनुराधा शुक्ला, सोनल एंजोरियो, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा, एकता खंडेलवाल, प्रिंसिपल सीबीएसई, हरीश साहू, गोपाल साहू, शारदा गौर और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल ने इस आयोजन के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी है।

# पुलिस ने लोगों के गुम हुए 113 मोबाइलों को लौटाकर दिया दीवाली गिफ्ट, चेहरे में आई मुस्कान



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर थाने सहित जिले भर के थाना क्षेत्र में गुम हुई मोबाइलो को ढूढ़कर आज उनके धारको को लौटाए जाने से उनके चेहरे पर लाखों की मुस्कान दिखने को मिला । पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार 17 अक्टूबर को दिवाली की रौनक में खुशियों का तड़का लगाते हुए इस बार एक ऐसा 'दिवाली गिफ्ट' दिया कि जिसने 113 लोगों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी।

इस क्रम में शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र में गुम हुए 45 नगर मोबाइल को थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में खोज ढूंढ़ कर 7 लाख रुपए की कीमत की उन मोबाइलों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। इससे उनके चेहरे पर खुशी तैर गई। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर, जिले की पुलिस ने कमाल दिखाते हुए पिछले एक महीने में लगभग 17 लाख रुपये की कीमत के 113 गुम मोबाइल फोन बरामद की है और शुक्रवार को उनके असली मालिकों को वापस कर दिया गया हैं।

बताते चलें कि सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से की गई यह कार्रवाई किसी 'टेक्नोलॉजी के चमत्कार' से कम नहीं है। मोबाइल खोने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों को जब उनके कीमती फोन वापस मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

**० बसंतपुर पुलिस ने लौटाए 7 लाख रुपए के 45 नग मोबाइल**
**० मोबाइल की 'घर वापसी' से लोगों के चेहरे पर लौटी लाखों की मुस्कान**

इस महाअभियान में थाना बसंतपुर पुलिस ने लीड लेते हुए सबसे अधिक 45 नग मोबाइल बरामद किए, जिनकी कीमत करीब 7 लाख रुपये है। इसके अलावा सायबर सेल, कोतवाली, सोमनी, डोंगरगढ़, छुरिया, बोरतलाव, डोंगरगांव और घुमका थानों ने भी गुम मोबाइलों की तलाश में अहम भूमिका निभाई।

### जनसंवाद कक्ष में बांटी गई गुम मोबाईलें

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि शुक्रवार 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जन संवाद कक्ष में इन बरामद मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा गया। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर प्रार्थियों ने पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया और पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की।

### गलत हाथों में न जाएं आपके कीमती डेटा

इस मौके पर पुलिस द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि अगर किसी को कोई गुम हुआ मोबाइल मिलता है, तो वह उसका उपयोग न करे, बल्कि तुरंत अपने नजदीकी थाने में जमा करा दे। क्योंकि मोबाइल में आपका बैंक डेटा और निजी जानकारियां होती हैं, जिनका दुरुपयोग हो सकता है।

# कलेक्टर ने वार्ड में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी होने पर नाराजगी जाहिर की



**100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल का कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने किया निरीक्षण**

**०मरीजों से बात कर हास्पिटल में ईलाज एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी**
**0 ड्यूटी पर अनुपस्थित डॉक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बसंतपुर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जिला चिकित्सालय में ओपीडी, दवाई वितरण शाखा, फार्मेसी, शिशु वार्ड, पेईंग वार्ड एवं अन्य शाखाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों से बात कर हास्पिटल में ईलाज एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हास्पिटल में ईलाज के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई निरंतर करने के लिए कहा। कलेक्टर ने ओपीडी में ड्यूटी पर अनुपस्थित डॉक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसंतपुर स्थित 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल के सुरक्षा वार्ड में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने वहां समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट नेटल कक्ष का अवलोकन किया तथा वहां परिजनों से भेंट की एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने वहां भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने हॉस्पिटल में चल रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट कांड और आंबेडकर पर अनर्गल टिप्पणी, राजनांदगांव में भी विरोध के स्वर फूटे

राजनांदगांव (दावा)। अत्यंत खेदजनक घटना के विरोध में राजनांदगांव अंबेडकर अनुयाई और बौद्ध कल्याण समिति, बौद्ध महिला मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति तथा सुप्रीम कोर्ट को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि, हाल ही में सुप्रीम अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के अदालत में जूता फेंकने की अपमानजनक घटना के आरोपी राकेश किशोर के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि यह कृत्य न केवल मुख्य न्यायाधीश का अपमान है, बल्कि यह भारतीय संविधान और सर्वोच्च न्यायालय जैसी संवैधानिक संस्था का भी अपमान है। संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है, और इस प्रकार का व्यवहार संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भले ही मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई ने सहिष्णुता और विशाल हृदय का परिचय देते हुए आरोपी को माफ कर दिया हो, किंतु यह घटना देश के नागरिकों की भावनाओं को गहराई से आहत करने वाली है। वहीं डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ लगातार ग्वालियर के वकील अनिल मिश्रा, सतीश गुप्ता अपमानजनक बयानबाजी कर आंबेडकर अनुयायियों को उकसा रहे हैं, जिसके खिलाफ देशद्रोह, अनुचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने बाबत जिला पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा को आवेदन सौंपा गया है। अतिरिक्त पुलिस



**० सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का अपमान करने वाले राकेश किशोर पर कठोर कार्रवाई की मांग**
**० डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर पर लगातार अनर्गल बयान देने वाले अनिल मिश्रा व सतीश गुप्ता पर हो एफआईआर**
**० अंबेडकर चौक में पुतला फूंका गया और एफआईआर करने सौंपा ज्ञापन**

अधीक्षक ने विरोध प्रदर्शन करने आए बौद्ध समाज के लोगों की बात विस्तार से सुनी उन्होंने सोशल मीडिया पर अनर्गल तरीके की चर्चा जिससे एकता एवम् अखंडता और जनमानस में सौहार्द बिगाड़ने के मंसूबे रोके जा सके को लेकर एडवाइजरी भी जारी करने की बात कही। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि इस मामले में शीघ्र और सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। अपराधी प्रवृत्ति के लोग न्यायालयों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं, जिससे भारतीय न्याय व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

अतः ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि आरोपी राकेश किशोर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा सुप्रीम कोर्ट सहित सभी न्यायालयों में न्यायाधीशों को उच्चस्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उक्त विरोध प्रदर्शन में डॉ. के.एल. टांडेकर, दीपांकर खोब्रागड़े, सोनम रामटेके, नीलेश ठावरे, प्रतिमाला बोरकर, कौशल्या मेश्राम, वंदना बौद्ध, रंजना बागड़े, रविन्द्र रामटेके, संदीप कोल्हाटकर, खेलन वाल्दे, पायल, माया बौद्ध, कमलेश मेश्राम, लक्ष्मण भीमटे, नंदा मेश्राम, शांति चौहान, पुष्प लता डोंगरे, संतोष बौद्ध, मिलिंद शेंडे, बुद्धिमित्रा वासनिक, लक्ष्मा गजभिए, पीयूष ऊके, विनोद श्रीरंगे, लव रामटेके, राजू बारमाटे, भीमराव बागड़े, कमल डोंगरे और बौद्ध समाज के प्रबुद्ध लोग विभिन्न वार्डो के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# अवैध विज्ञापन हटाने आयुक्त ने थमाई नोटिस, 10 हजार रुपये जुर्माना

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर, तालाबो के बाउण्ड्रीवाल में बिना अनुमति के लगे विज्ञापनों पर नगर निगम द्वारा समय-समय पर नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाती है। इसी कडी में बुढ़ासागर, रानीसागर के बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य स्थलों में किये गये अवैध विज्ञापन पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने संबंधितों को नोटिस जारी कर 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया है।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शहर के 11 विज्ञापन कर्ता जिन्होंने अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार के लिए बुढ़ासागर एवं रानीसागर के बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य स्थलों में अवैध रूप से विज्ञापन किया है, उन्हें नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि विज्ञापनकर्ता द्वारा अवैध रूप से विज्ञापन प्रकाशन कर शासकीय सम्पत्ति का विरूपण किया गया है, जो कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 335 एवं सम्पत्ति विरूपण का स्पष्ट उल्लंघन है।

नोटिस में कहा गया है कि, उपरोक्त सभी विज्ञापन कर्ता नोटिस प्राप्ति के 1 दिवस के अंदर उपरोक्त स्थलो में अवैध रूप से किये गये विज्ञापन प्रकाशन को हटा लेवे, साथ ही शासकीय संपत्ति को विकृत किये जाने के कारण संबंधित पर 10 हजार रूपये अर्थदण्ड आरोपित कर तत्काल निगम कोष में जमा करने कहा गया है।

इसके अलावा उन्हें हिदाईत दी गयी है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जावेगी। जिससे उत्पन्न क्षति तथा हर्जे-खर्चे की सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी। आयुक्त ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओं से कहा है कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे।

# शांतिभंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों चौकी चिखली पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र के गुंडे बदमाशों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ धड़ाधड़ कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस चौकी चिखली क्षेत्र में चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई की टीम अपराधियों को थोड़ा भी बख्श नहीं रही है। उनके क्षेत्र के चाहे चाकू बाज हो या अवैध शराब बेचने वाले आरोपी या गुंडे बदमाश सभी को न्यायालय ने पेश कर उन्हें कानून के हिसाब से दंड दिलाए जाने का काम किया जा रहा है।

इस अभियान के क्रम में चौकी चिखली मे प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व मे कायम अपराध के आधार पर 17 अक्टुबर शुक्रवार को शराब के नशे में आमजन के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश दिनेश साहू पिता गणेश साहू उम्र 35 साल निवासी शीतला मंदिर के पास चिखली को गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आपराधिक तत्वों के जारी रहेगी कार्रवाई

चौकी चिखली प्रभारी श्री मरई ने बताया कि क्षेत्र में कानून शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# जेठमल बुरड़ के निधन के पश्चात उनके नेत्रों से दो लोग प्रकृति देख पाएंगे



राजनांदगांव(दावा)। जेठमल बुरड़ की पुत्री सुमन-सुरेश कोठारी, शोभा -संजय कटारिया, शीतल-मनीष जैन, पुत्रवधु श्रीमति खुसबू बुरड़, पौत्र- दर्श बुरड़, पौत्री अरबी बुरड ने नेत्रदान हेतु सहमति दी। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य फनेंद्र जैन ने उपस्थित रहकर नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 4 सीएमओ डॉ नेतराम नवरतन के निर्देश पर डॉ. प्राजंलि, डॉ शिवानी, नेत्र सहायक अधिकारी एस.के. यादव ने कॉर्निया कलेक्ट किये एवं नेत्रदान सम्पन्न हुआ। पुत्री शीतल मनीष जैन ने कहा आज पिता के जाने से पूरा परिवार सदमे में है किन्तु हमारा परिवार नेत्रदान के महत्व को समझता है। अतः हमने नेत्रदान का निर्णय लिया समाज को भी नेत्रदान का महत्व समझना होगा एवं अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान हेतु आगे आना होगा।

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य तरुण अढ़तिया ने कहा जेठमल जी बुरड़ समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे एवं उन्होंने जीवन भर लोगों की सेवा की और निधन के पश्चात दो लोगों के अँधेरे जीवन को उजाला कर समाज को प्रेरित किया। फनेंद्र जैन ने जानकारी दी कि जेठमल बुरडे किराना के पुराने वरिष्ठ व्यापारी जिनकी व्यापारिक प्रतिष्ठान गंडई में स्थित है, उनके प्रतिष्ठान जगदम्बा किराना स्टोर के नाम से विख्यात है। नवदृष्टि फाउंडेशन के मनीष जैन ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान, त्वचादान हेतु सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से फनेंद्र जैन, शैलेश गणात्रा, तरुण आढ़तिया, दिव्या नगदीया, मनीष साहिता, अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, सत्येंद्र राजपूत ने जेठमल बुरड़ को श्रद्धांजलि दी व बुरड़ परिवार को साधुवाद दिया।

## अनमोल दावा

**मेहनत वह सुनहरी चाबी है जो बंद भविष्य के दरवाजे भी खोल देती है।**

# समावेशी राजनीति की प्रतिस्पर्धा किस करवट बैठेगा हाथ

बसपा प्रमुख मायावती ने 9 अक्टूबर को कांशीराम के 19वें निर्वाण दिवस पर लखनऊ में महारैली की। उत्तर प्रदेश में 2012 के विधानसभा चुनाव के बाद से बसपा लगातार हाशिए पर पहुंचती गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी को अपना चुनाव क्षेत्र बनाकर च्सबका-साथ, सबका-विकासज् मंत्र से दलितों को साथ ले लिया। परिणामस्वरूप प्रदेश की सभी 17 सुरक्षित लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी हुई। इससे भाजपा की दलितों में पैठ गहरी हुई।

सरकार एवं संगठन में दलितों को सम्मानजनक स्थान मिला, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने दलितों में भ्रम फैलाया कि मोदी च्चार सौ पारज् करके बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान बदल देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे, जिससे दलित भाजपा से छिटक कर सपा के साथ हो लिए। ऐसे में मायावती नहीं चाहेंगी कि दलित सपा के साथ जुड़ा रहे। इसीलिए वे दलितों को एकजुट करके बसपा में लौटाना चाहती हैं। क्या ऐसा हो सकेगा? क्या भाजपा और सपा भी दलितों के विकल्प हैं?

सवाल यह भी है कि मायावती के पास दलित लौटें क्यों? 2012 में अखिलेश से हारने के बाद मायावती ने दलितों को मझधार में छोड़ राष्ट्रीय राजनीति को साधने के लिए दिल्ली का रुख कर लिया। 2007 में मायावती सरकार बनने पर दलितों से ज्यादा ब्राह्मणों और मुसलमानों को मंत्रिपरिषद और पार्टी में महत्वपूर्ण पद मिले। दलित ठगे रह गए। च्अपनी सरकारज् बनने से दलित अस्मिता तो अक्षुण्ण रही, पर उसकी राजनीतिक आकांक्षाएं पूरी न हो सकीं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने तिवादी-अस्मितावादी बहिर्वेशी-राजनीति को दरकिनार कर च्सबका-साथ, सबका-विकासज् की समावेशी राजनीति शुरू की तो दलितों का बड़ा वर्ग खिसक कर भाजपा की ओर चला गया। मायावती ने 2007 में जिस सोशल इंजीनियरिंग से सत्ता प्राप्त की, उसे वे आगे न ले जा सकीं। उनकी सोशल इंजीनियरिंग दलित-ब्राह्मण गठजोड़ न थी, वरन उन्होंने सभी जातियों में बसपा का जनाधार बढ़ाया था। इतने सफल प्रयोग को मायावती संभाल न सकीं?

कभी-कभी मायावती की राजनीतिक परिपक्वता पर संदेह होता है। उन्होंने सामंतवादी मनोवृत्ति से पार्टी चलाई। 2012 चुनावों के पहले उन्होंने बाबूसिंह कुशवाहा और 2017 चुनावों के पहले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकाल दिया। यदि निकालना ही था तो चुनावों में उनका प्रयोग करके निकालना था। 2019 लोकसभा चुनावों में अपने धुर-विरोधी अखिलेश यादव से गठबंधन किया। परिणामस्वरूप विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट जीत सकी और लोकसभा चुनाव 2024 में उसका खाता नहीं खुला।

मायावती पर आरोप लगे कि भाजपा का परोक्ष समर्थन करने हेतु वे पिछले चुनाव सक्रियता से चुनाव नहीं लड़ीं और अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद को 2024 चुनाव प्रचार के दौरान ही अपदस्थ कर वापस बुला लिया कि वे अभी च्अपरिपक्वज् हैं। इससे संदेह हुआ कि आकाश को हटाने के पीछे कहीं वे भाजपा को लाभ तो नहीं पहुंचाना चाहती थीं, क्योंकि आकाश भाजपा के प्रति अति आक्रामक हो रहे थे और दलित अस्मिता की राजनीति कर रहे थे।

मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग का जो माडल अपनाया, उससे वे च्बहुजन-हिताय, बहुजन-सुखायज् से च्सर्वजन-हिताय, सर्वजन-सुखायज् की समावेशी राजनीति तक पहुंचीं थीं और च्दलित-अस्मिताज् की राजनीति पर नहीं लौट सकती थीं। मायावती माडल से भी सशक्त च्सबका-साथ, सबका-विकासज् आधारित च्समावेशी माडलज् मोदी ने बना लिया था। मायावती को उसकी काट नहीं सूझी। 2024 में राहुल-अखिलेश ने संविधान और आरक्षण पर भ्रम फैलाकर च्पीडीएज् (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) आधारित आंशिक समावेशी माडल बनाया, जिसका परिणाम उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनावों में दिखा।

भावी राजनीति में समावेशी माडलों की स्पर्धा देखने को मिलेगी। कौन पार्टी समाज के कितने घटकों को आकर्षित कर पाती है, यही उसकी चुनावी सफलता-असफलता को तय करेगा। हालांकि मोदी ने इसमें नया आयाम जोड़ दिया है। वे जातीय अस्मिता को वर्ग-अस्मिता तक ले गए हैं। ऐसा नहीं कि भाजपा टिकट वितरण या पद आवंटन में जातियों की अनदेखी करेगी, लेकिन उसने सभी जातियों-धर्मों को वर्गों में समेट दिया है जैसे-महिला, युवा, किसान, मजदूर, लाभार्थी और गरीब आदि। फलस्वरूप, भाजपा ने हिंदुत्व और सनातन की छतरी के नीचे सभी धर्मों और जातियों को स्थान दिया है। यह पार्टी के दूरगामी सोच और भावी रणनीति को रेखांकित करता है, जो उसके बढ़ते जनाधार का कारण है। मायावती की सक्रियता-निष्क्रियता, दोनों ही भाजपा के पक्ष में जाती है। उनकी निष्क्रियता से आरोप लगते कि वे भाजपा को परोक्ष समर्थन दे रही हैं, लेकिन उनकी सक्रियता भी भाजपा के लिए लाभकारी होगी। त्रिकोणीय संघर्ष में बसपा ने 2007 में 30 प्रतिशत पर और सपा ने 2012 में 29 प्रतिशत पर सरकारें बनाईं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने प्रदेश में खराब प्रदर्शन किया, फिर भी उसका जनाधार 41.67 प्रतिशत बना रहा। ऐसे में यदि मायावती डटकर चुनाव लड़ीं, तो वे चुनाव जीते या नहीं, लेकिन उन जाटव-दलितों को अपनी ओर खींच सकती हैं, जो सपा की ओर चले गए थे। वैसे मायावती के अधिकतर समर्थक जाटव रहे हैं, जबकि वाल्मीकि, पासी, धोबी, कोरी, डोम जैसी गैर-जाटव जातियां प्रायः भाजपा समर्थक रही हैं। फिर 2007 में मायावती को ब्राह्मणों का साथ मिला, जो अब संभव नहीं। जिस प्रकार मोदी-योगी सरकार में दलितों को अनेक लाभ मिले, बाबा साहेब का सम्मान हुआ और उनको राजनीति की मुख्यधारा में लाया गया, उतना उन्हें मायावती की सरकार में भी नसीब नहीं था।

# अमरीका-चीन व्यापार गेम में हमारी जीत की राह

**अजय शाह**

वैश्विक व्यवस्था जो नियमों पर आधारित है, उसे चीन व्यवस्थित रूप से कमजोर कर रहा है। उसकी राज्य नियंत्रित आर्थिक प्रणाली विश्व व्यापार संगठन के सिद्धांतों के विपरीत है, जैसे कि भारी औद्योगिक सबसिडी देना जिससे वैश्विक उत्पादन क्षमता बढती जा रही है, गैर-शुल्क बाधाओं का इस्तेमाल, राज्य-प्रायोजित बौद्धिक संपदा चोरी और जबरन तकनीकी हस्तांतरण। सुरक्षा क्षेत्र में भी बीजिंग अंतर्राष्ट्रीय कानून की खुलेआम अवहेलना करता है, जैसे कि 2016 में दक्षिण चीन सागर पर स्थायी मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को ठुकराना। वह ताईवान पर सैन्य दबाव डालता है और रूस की यूक्रेन पर आक्रमण में मदद कर रहा है।

इसके जवाब में, डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में नए अमरीकी प्रशासन ने चीन के व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन लाने के उद्देश्य से व्यापक और ऊंचे शुल्क लगाने की नीति शुरू की है। यह टकराव एक %जियोपॉलिटिकल चिकन गेम% है। इसका सिद्धांत सरल है-दो चालक एक संकीर्ण रास्ते पर एक-दूसरे की ओर तेजी से बढ़ते हैं। जो पहले पहले मुड़ता है, वह %चिकन% कहलाता है, अगर कोई नहीं मुड़ता तो टकराव विनाशकारी होता है।

चीन की ओर से, उसकी अर्थव्यवस्था गंभीर संरचनात्मक कमजोरियों से जूझ रही है। अति-उधारी पर आधारित संपत्ति क्षेत्र के पतन ने संकट की जड़ें हिला दी हैं। स्थानीय सरकारें जो भूमि बिक्री पर निर्भर थीं, वित्तीय संकट में हैं।



बैंकिंग प्रणाली पर भी इसका भारी असर पड़ा है। सरकार ने आर्थिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया है, जिससे निजी क्षेत्र का विश्वास टूट गया है और युवाओं में रिकॉर्ड स्तर की बेरोजगारी फैल गई है।

दशकों की राज्य-नियंत्रित औद्योगिक नीति ने स्टील से लेकर सोलर पैनल और इलैक्ट्रिक वाहनों तक हर क्षेत्र में अत्यधिक उत्पादन क्षमता पैदा कर दी है। ये उद्योग अब अपने अधिशेष उत्पादन को निर्यात पर निर्भर रखते हैं, जिससे वे शुल्कों और व्यापार अवरोधों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। यह स्थिति 1980 के दशक के सोवियत संघ जैसी लगती है जो एक शक्तिशाली दिखने वाला देश था लेकिन भीतर से ढहती केंद्रीकृत अर्थव्यवस्था थी। बीजिंग का संकट गहरा है। 2023 में चीन का उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात लगभग 1.85 ट्रिलियन डालर था, जिसमें से अकेले अमरीका का हिस्सा 427 बिलियन डालर था। चीन अब राष्ट्रवादी

गौरव और आर्थिक स्थिरता की व्यावहारिक जरूरत के बीच फंसा हुआ है। अमरीका की तरफ से भी स्थिति आसान नहीं है। ऊंचे शुल्क लगाने की नीति अंततः घरेलू अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाती है। यह आपूर्ति श्रृंखला तोड़ती है, लागत बढ़ाती है और उपभोक्ताओं पर कर का असर डालती है। निवेश में सुस्ती आती है और डालर कमजोर होता है।

दोनों पक्ष कमजोरियों के बावजूद ताकत दिखाने की कोशिश में हैं। लेकिन दोनों पर ही पीछे हटने का दबाव है। ऐसे में भारत के लिए यह परिस्थिति रणनीतिक अवसर प्रदान करती है।

भारत के लिए मार्ग–1. अमरीका के साथ व्यापक व्यापार एवं निवेश समझौता द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करेगा और तकनीक, वित्त तथा सेवाओं में सहयोग बढ़ाएगा।

2. भारत को घरेलू संरचनात्मक सुधारों को तेज करना जरूरी है, जैसे कर व्यवस्था, श्रम और भूमि कानूनों का सरलीकरण, न्यायिक प्रणाली की दक्षता बढ़ाना आदि।

3. भारतीय कंपनियों के लिए आदेश स्पष्ट है। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी होगी, विदेशी पूंजी, तकनीक और विशेषज्ञता से जुड़ना होगा। ऐसा करने से वे घरेलू अस्थिरताओं से सुरक्षित रहेंगी और वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए घरेलू संरचनात्मक सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। इसके लिए विनियमन और नियामकों के कामकाज में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। इसके लिए अप्रत्यक्ष कर सुधारों को गहन करना और एक पारंपरिक वस्तु एवं सेवा कर लागू करना आवश्यक है। इसका अर्थ है धीमी न्यायिक प्रवर्तन और प्रतिबंधात्मक श्रम एवं भूमि कानूनों जैसी मूलभूत समस्याओं से निपटना। लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां विदेशी और घरेलू कंपनियां आत्मविश्वास के साथ काम कर सकें और सतत् विकास के लिए आवश्यक निजी निवेश को गति प्रदान कर सकें।

4. भारत को यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम, जापान और ताइवान जैसे उच्च-विश्वसनीय सांझेदारों के साथ गहन और व्यापक मुक्त व्यापार समझौतों (एफ, टी.ए.) के माध्यम से अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ अपने एकीकरण को गति देनी चाहिए। ये एफ.टी.ए. केवल व्यापार दस्तावेजों से कहीं अधिक हैं।

ये संस्थागत फैलाव के साधन हैं जो घरेलू शासन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं। यह बाह्य अभिविन्यास मूल रूप से फर्म-स्तरीय प्रोत्साहनों को बदल देता है।

## विचार सरिता

# हास्य कविता: कमर दर्द में हुआ कवि का देखो हाल बेहाल

जाड़े के मौसम में फिर से
वही पुराना हुआ हाल,
कमर दर्द में कवि जी
छुट्टी लेकर हुए बेहाल।
फ्रंट फुट में बैटिंग करने
वाले कवि जी बेड पर हैं,
कविताओं की विषयवस्तु
ढूंढने की चिंता में हैं।
कहा पत्नी ने, लिए हो छुट्टी
घर में तुम आराम करो।
चाहे कमर हो या दिमाग हो,
जोर इतना ना डाला करो।
कहां कवि ने दे दो कलम
मैं कोई कविता लिखूंगा,
बैठे ठाले करूंगा क्या
पंक्ति कोई नई गढूँगा।
बोली पत्नी, ना सुधरेंगे
खुद ही आफत लेंगे मोल।
बीमारी में भी ढूंढोगे काम
इससे स्वास्थ्य पे होगा झोल।
बिस्तर से उठ खड़े कवि
चलने का फिर करे प्रयास
बांध कमर में पट्टा कवि,
जल्दी फिट होने की आस।
टोका पत्नी ने, सब्र करो।
खिंची नस है, चलोगे कैसे?
नहीं किए आराम अगर,
लंबे पड़ जाओगे वैसे।
भाप, बेल्ट की सिंकाई होगी,
तभी दर्द की धुलाई होगी,
करोगे जिद उठ चलने की,
गरम तेल से रगड़ाई होगी।
तुरंत कवि जी गए समझ,
पत्नी है मेरी शुभचिंतक,
माना नहीं गर बात इसकी
बन जाएगी पीड़ादायक।
पड़ोसन ने आ पूछा सवाल,
कवि जी, कैसे हुआ ये हाल?
वे पत्नी के डर में मौन हुए,
मुस्का के उत्तर दे न पाए।
किया सरेंडर कवि जी ने,
तुरंत फिर वे नॉर्मल हुए,
मरीज बनके दुबके बेड में,
पत्नी के शरणागत हुए।




**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

## कविता

### प्रदूषण न फैलाएं

फटका जलाना तो रुपये
जलाना है,
अपने स्टेटस को बढ़-चढ़ कर दिखाना है।
आतिशबाजी से हमेशा
बना रहता है खतरा,
घातक प्रदूषण को अत्यधिक बढ़ाना है।
दिल से दिल मिलाए,
और प्रेम के दीप जलाएं
अज्ञान के अंधकार को ज्ञानदीप से मिटाएं
यदि हमारे देश को स्वच्छता से भर देनी है
फटाके न जलाएं, प्रदूषण न फैलाएं ।।
दीपावली का त्योहार,
हंसी-खुशी से मनायें।।
फटाके न 000000
फटाका जलाना,
कागज की बरबादी है ।
मां लक्ष्मी फटाके फोड़ना
अच्छी नहीं आजादी है।
धन की देवी लक्ष्मी कैसे होगी प्रसन्न,
महत्ता को उनकी खाक
करके जो मिला दी है।
ऐसी भावनाएं को कदापि
नजदीक न लाएं।।
फटाके न 000000
बम फूटे फटाकों में,



आपरेशन सिंदूर की तरह ।
आतंकवादी दुश्मन भागे
काफूर की तरह।
पाक हो नापाक हो
या हो कोई शत्रु,
गिड़गिड़ाए शरण आ,
मजबूर की तरह।
उनको उनकी हैसियत
बम-बारुद में दिखाएं।।
फटाके न 00000
बीमार, वृद्ध, कमजोर का दम घूटता है ,
पटाखों का शोर
चैनो-अमन लूटता है।
गंधक, बारूद स्वांसों में घुल जाते हैं,
लोगो के शरीर में बीमारी फूटता है।
कितने कारखाने फटाको
हो गए हैं भस्म
दिवाली में पटाखा जलाना
यह गया एक रस्म।
ऐसे प्रदूषित रस्म को
हम क्यों निभाएं।।
फटाका न 00000
हादसों के जन्मदाता को निकट नही लाएँ॥
फटाके न जलाएं, प्रदूषण न फैलाएं।
इससे तो अच्छा है गरीबों को कुछ दे-दें।
उनके भी हसरत है, उनके
अभावो को मिटाएँ,
धन तेरस पर धनवंतरी को
पूजे स्वास्थ्य धन से।।
ज्योतिर्मय दीवाली दीप जलाकर मनाएं।।
फटाके न जलाएं, प्रदूषण न फैलाएं।।



**मानसिंह मौलिक**
**महामाया चौंक, बसंतपुर**
**राजनांदगांव 9131618653**

## सामयिक चर्चा

### ट्रम्प को झूठ की समझ

बानी बोले – ''सुनिए गजाधर!
आज की हेडलाइन न्यूज।
ट्रम्प का झूठ 'बम' फ्यूज।
आपरेशन सिन्दूर के बाद
भारत के बारे में कम से कम
50 बार झूठे दावे कर चुके ट्रम्प ने
बुधवार को फिर एक झूठ बोला
कि मोदी ने रूस से तेल खरीद
बन्द करने का भरोसा दिया है।
इस पर गजाधर!
भारत की स्पष्ट प्रतिक्रिया है-
ट्रम्प के साथ, प्रधानमंत्री मोदी की बात
हुई ही नहीं है
इस पर गजाधर! आपके मन ने
आपसे क्या बात कही?''
गजाधर मुस्कराए, बोले – बानी!
अमरीका के दुर्भाग्य से
और अपने सौभाग्य से
अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए ट्रम्प को
यह सपना बार-बार आता है
कि एक झूठ को, सौ बर बोलो तो
वह सच बन जाता है।



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### पीना ही है तो...

पीना ही है तो दूध, दही, मही, घी पी।
पीना ही है तो नीबू, संतरे का जूस पी।।
पीना ही है तो जा गंगा जल अमृत पी।
पीना ही है तो छल दंभ को घूंट घूंट पी।।
पीना ही है तो गुरु ज्ञान का सत्संग पी।
पीना ही है तो शिव बन कर विष पी।।
पीना ही है तो दुश्मन का जा खून पी।
पीना ही है तो सेवा श्रद्धा की जल पी।।
जीना ही है तो विवेकानन्द की तरह जी।
जीना ही है तो भगत, सुभाष जैसे जी।।
जीना ही है तो रानी लक्ष्मी बाई जैसे जी।
जीना ही है तो कल्पना चाँवला बन जी।।
जीना ही है तो सुर, कबीर, तुलसी बन जी।
जीना ही है तो सीता सावित्री मीरा बन जी।।
जीना ही है तो राम कृष्ण गौतम बन जी।
जीना ही है तो मंगल प्रताप शिवा बन जी।।
जीना ही है तो प्रेमचंद, शिव मंगल बन जी।
जीना ही है तो प्रसाद पंत निराला बन जी।।
जीना ही है तो लाल बाल पाल बन जी।
जीना ही है तो गाँधी, अम्बेडकर बन जी।।
जी लिए तो मर कर तू अमर हो जाएगा।
स्वर्ण अक्षर में इतिहास लिखा जाएगा।।
लगेगी तस्वीर बनेगी तकदीर तू है वीर।
जग को तू क्रांतिवीर राह दिखा जाएगा।।
क्या पीना शराब, गांजा बीड़ी, सिगरेट।
अरे क्या खाना जहर गुटखा, तम्बाकू।।
क्या करना फोकट में चार दिन फैशन।
ये सब तो है हमारे तन मन धन के डाकू।।
जो तुम्हें इन्हें खाने के लिए उकसा रहे हैं।
वो दोस्त नहीं दुश्मन हैं पक्का जान लो।।
अब तक तुमने उनकी सुनी,उनकी मानी।
एक बार कहना भी अब हमारा मान लो।।
छोड़ो नशापान को बंद करो फिजूल खर्ची।
बनकर रहो आजाद जियो तुम मन मर्जी।।
पढ़ो लिखो आगे बढ़ो करो जग में नाम।
दोनों हाथ जोड़ करूँ आप सबसे अर्जी।।



**तुलेश्वर कुमार सेन,**
**प्रधान पाठक,**
**शासकीय प्राथमिक शाला, पुरेना,**
**संकुल केंद्र घिरघोली,**
**विकासखंड छुईखदान**

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि- आज आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती है। कोई नई स्किल सीखने का मौका मिल सकता है। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आर्थिक रूप से स्थिति अच्छी होगी। व्यापारियों को नई पार्टनरशिप से मुनाफा होगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**वृष राशि** — आज आपको अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए, वरना इसका प्रभाव सेहत पर पड़ेगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आत्मविश्वास पहले से ज्यादा होगा। हालांकि आज आप छोटी-छोटी चीजों पर खर्च कर सकते हैं, जिससे परेशानी हो सकती है। रोमांस के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** — आज आपकी एनर्जी ज्यादा रहेगी, जिससे आप जरूरी कामों को निपटाने में सफल रहेंगे। आपका धन बेकार की चीजों पर खर्च हो सकता है, जिससे मानसिक तनाव हो सकता है। अगर आप धन संचय करना चाहते हैं, तो एक आर्थिक प्लान बनाकर चलें। माता-पिता का साथ मिलेगा।

**कर्क** — आज आपकी सेहत में सुधार होगा। धन के बचाने में सफल रहेंगे। आज किसी भाई-बहन की मदद करने की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको लवर का सहयोग मिलेगा। ऑफिस की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश में तनाव आपके दिमाग पर छा सकता है।

**सिंह** — आज आपका कोई सपना हकीकत में बदल सकता है। अपने उत्साह पर काबू रखें। धन की स्थिति में सुधार होगा। यात्रा से रोमांटिक रिलेशनशिप को बढ़ावा मिलेगा। नए प्रोजेक्ट या किसी महत्वपूर्ण काम को करने के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ तनाव की स्थिति बन सकती है।

**कन्या** — आज आपकी लाइफस्टाइल में बदलाव करने से सेहत अच्छी हो सकती है। आज आपको अपने पैसों को संभालकर रखने में परेशानी हो सकती है। बेकार की चीजों पर खर्च करने से बचें, वरना परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लव लाइफ अच्छी रहेगी। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज आपको अपने धैर्य पर काबू रखना चाहिए। आज किसी करीबी दोस्त की मदद से कुछ करोबारियों को धन लाभ होने की संभावना है। प्यार और रोमांस आपको खुशमिजाज रखेंगे। आपका कोई पुराना दोस्त आपके जीवनसाथी के साथ पुरानी यादें ताजा कर सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। आर्थिक परेशानियां दूर हो सकती हैं। परिवार में किसी बाहरी व्यक्ति का दखल रिश्तों में परेशानी ला सकता है। उच्चाधिकारियों का साथ मिलेगा। यात्रा से लाभ के संकेत हैं। कारोबारियों को आज मुनाफा होगा, जिससे व्यापार विस्तार करने में आसानी होगी।

**धनु** — आज आप जीवनसाथी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर सकते हैं। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने नहीं दें। आज रोमांस की स्थिति अच्छी रहेगी। जीवनसाथी के साथ भविष्य को लेकर चर्चा कर सकते हैं। व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर** — आज सिंगल जातकों की लाइफ में कोई खास व्यक्ति आ सकता है। परिवार में खुशियों का आगमन होगा। आप अपने वर्कप्लेस पर एनर्जेटिक बने रह सकते हैं, जिसे सीनियर्स भी नोटिस करेंगे। आज आप पार्टनर के किसी राज को जानकार परेशान हो सकते हैं। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ** — आज आपको जीवनसाथी की सेहत पर नजर रखने की जरूरत है। अप्रत्याशित मुनाफे के जरिए आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। आपकी फिजूलखर्ची घर में तनाव पैदा कर सकती है। आप एक्स्ट्रा कामों को निपटाने के लिए आज का दिन चुन सकते हैं। काम में आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**मीन** — आज आपको कई स्रोतों से धन लाभ होगा। जीवन में खुशियों का आगमन होगा। अपने काम और प्राथमिकताओं पर फोकस करें। आज जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान बन सकता है। नौकरी पेशा करने वालों को ग्रोथ के अवसर मिल सकते हैं।

# कांग्रेसी आपस में भिड़े, भाजपा मौन, आदिवासी के साथ कौन




○ भाजपा सद्भाव का रास्ता निकालना छोड़ दंगा कराने की तैयारी में - कुलबीर छाबड़ा
○ शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी से आपसी सदभाव से बैठकर रास्ता निकालने की अपील की

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश में भाजपा की सरकार और आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते आदिवासी विरुद्ध सर्व हिंदू समाज के बनते माहौल को रोकने की दिशा में उचित पहल करने की बजाय सत्ताधारी दल के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं और ट्रस्ट समिति आदिवासी समाज द्वारा पंचमी के अवसर पर की जाने वाली पूजा-पद्धति की परंपरा को सिरे से खारिज कर रही है। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का स्पष्ट रूप से कहना है कि मंदिर के संस्थापक राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार ही ट्रस्ट की ओर से माता की पूजा अर्चना की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता आपस में राजनीतिक बयान बाजी कर रहे हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि धार्मिक स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे आदिवासी समाज के साथ कौन खड़ा है? कांग्रेस की ओर से अराजकता फैलाने वाले माहौल पर चिंता व्यक्त करते हुए राजनांदगांव जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा द्वारा मुखर होकर कहा गया है कि भाजपा इस विषय को लेकर दंगा फैलाने की कोशिश कर रही है, यह भाजपा का सुनियोजित षडयंत्र है जबकि इस गंभीर विषय को लेकर आपसी तालमेल बिठाकर इसका समाधान निकालना था, किन्तु वहीं लोग दंग फंसाद करने में लगे है। जिला प्रशासन सचेत रहें धर्मनगरी डोंगरगढ़ हमारी आस्था का केन्द्र है और यहां किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसे आपसी सदभाव से बैठकर इसका रास्ता निकाले। भाजपा की नजर बम्लेश्वरी मंदिर के ट्रस्ट के खजाने पर है और इस खजाने को खाने के लिए विवाद को गहराकर कलेक्टर को ट्रस्ट में बैठाने की तैयारी।

### राजनीति कर समस्या को हवा देने से ही माहौल बिगडता है - संजीव गोमास्ता - ट्रस्टी मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति

धार्मिक और सामाजिक कार्यों में कृपया राजनीति न करें इसमें कहां से भाजपा और कांग्रेस आ गया, ये शहर के हिन्दू धर्मावलम्बियों की आस्था की बात है इस समस्या का निदान हो जायेगा, राजनीति कर समस्या को हवा देने से ही माहौल बिगड़ता है।

# बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति ने सुप्रीम कोर्ट घटना की निंदा करते राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



○ मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना की बौद्ध समाज ने की कड़ी निंदा
○ दोषी अधिवक्ता पर देशद्रोह का मुकदमा दायर करने की रखी मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा एवं नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के तत्वाधान में बौद्ध समाज के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर के नेतृत्व में समाज के अनुयायियों की उपस्थिति में स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने सर्वोच्च न्यायालय में 5 अक्टूबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी डोंगरगढ़ को महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार के नाम ज्ञापन भेज गया, सौंपकर 5 अक्टूबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा करते हुए न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने तथा आवश्यक संवैधानिक सुधारों की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई पर जूता फेंकने की घटना अत्यंत निंदनीय, असंवैधानिक और न्यायपालिका की पवित्रता पर सीधा आघात है। यह न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है।बौद्ध समाज ने इस घटना को 'राष्ट्र की न्यायिक गरिमा पर हमला' करार देते हुए मांग की है कि दोषी व्यक्ति पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के अंतर्गत कठोरतम कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति न्यायालय की मर्यादा भंग करने का दुस्साहस न कर सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से डॉ. सी. प्रमोद सिंह, डॉ मिलन टेंभुरकर अमिताभ दुफारे आनंद बंसोड़,सिद्धार्थ नागदेवे , मनीष बडोले, धीरसिंह सहारे, युवराज अम्बादे, निर्भयदास चोखान्द, दीपक साखरे, संदीप गजभिए, बादल वाल्दे, लालचंद खोबरागड़े, अनिल लांडगे, क्षितिज मेश्राम, पदमा मेश्राम, किरण मेश्राम, ललिता साखरे, माया सिगाड़े, रीना सहारे, प्रतिमा नारनवरे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं बौद्ध अनुयायियों ने अपने हस्ताक्षर कर समर्थन प्रदान किया।

## पहला कॉलम...

### शिक्षक ने बेटी के जन्मदिवस पर कराया न्योता भोज




हरदी(दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ शिक्षक बसंत कुमार साहू ने अपने बेटी भाव्या साहू के जन्मदिवस में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव के 202 बच्चों को शासन के महत्वपूर्ण योजना अन्तर्गत न्योता भोज में खीर, मिक्चर, केला खिलाया गया। शाला परिवार की ओर से बिटिया को जन्मदिवस की अनंत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर माध्यमिक प्रधान पाठक कोमलचंद आर्य, प्राथमिक प्रधान पाठक चन्द्रभूषण साहू, शिक्षक अश्वनी कुमार देवांगन, सन्नी कुमार देवांगन, बसंत कुमार साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य कुमार देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, दीप्ति शेण्डे उपस्थित थे।

### बरमपुर एवं भेलवाटोला में निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रूपए की स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बरमपुर में देवीलाल यादव घर से रोड तक सीसी रोड निर्माण के लिए 1 लाख रूपए एवं ग्राम भेलवाटोला में मंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए कुल 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने दी दीपावली की शुभकामनाएं



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सभी जिलेवासियों को धनतेरस पर्व, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। श्रीमती वैष्णव ने कामना की कि दीपावली का यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने सभी से अपील की कि पर्व को मिल जुलकर, आपसी सौहार्द्र और भाईचारे की भावना के साथ मनाएं तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत करें। दीपावली त्योहारों के इस पावन अवसर पर हम सब यह शपथ लें की स्वदेशी को अपनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आज भारत का स्वदेशी हुनर दुनिया के हर कोने में अपनी पहचान बना रहा है। हर उत्पाद, हर कारीगर अब भारत की आत्मा और गर्व का प्रतीक बन चुका है। मैं आप सभी राजनांदगांव जिलेवासियों को पुनः दीपावली त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

### तोरणकट्टा में महालक्ष्मी स्थापना 20 अक्टूबर को



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम तोरणकट्टा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अक्टूबर को मां महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना बड़े धूमधाम से की जाएगी। इस आयोजन का संचालन नवयुवक मित्र मंडल तोरणकट्टा द्वारा किया जा रहा है, जो पिछले छह वर्षों से इस धार्मिक परंपरा को निरंतर निभा रहा है। आयोजक समिति के सदस्य मुकेश कुमार साहू ने बताया कि मां लक्ष्मी की स्थापना एवं पूजा-अर्चना को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, मोंटू साहू, भूपेश साहू (मूर्तिकार), भानु साहू, गोल्डी साहू और लिकेश साहू सहित सभी सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस अवसर पर भव्य सजावट, पूजा-अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### आजाद हिंद विद्यापीठ में स्वास्थ्य जागरूकता एवं ध्यान प्राणायाम



डोंगरगढ़ (दावा)। रजत महोत्सव 2025 अंतर्गत आज प्रातः आजाद हिंद विद्यापीठ डोंगरगढ़ में शासकीय होम्योपैथी औषधालय एवं आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ द्वारा विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य जागरूकता एवं ध्यान प्राणायाम गतिविधि का आयोजन किया गया।

# नीरज विद्या मंदिर में विविध आयोजन



**स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दीया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता**

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण में संस्था के विद्यार्थियों का दांत, गला एवं आँख का परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया। खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रागिनी चंद्रे के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जाँच करते हुए आवश्यक परामर्श दिए गए। सी.सी.ए. गतिविधि के अंतर्गत संस्था में कक्षा-नर्सरी से केजी-2 तक दिवाली सेलिब्रेशन, कक्षा-वन से कक्षा-फाइव तक दीया मेकिंग प्रतियोगिता तथा कक्षा-छठवीं से नवमी एवं ग्यारहवीं तक के बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीया मेकिंग प्रतियोगिता में क्लास वन (ए/बी) में अद्वीकराज तिवारी, ख्याति, याचना रावटे प्रथम, ताश्वी ठाकुर, काव्यांश देवांगन एवं अन्वेशा तिवारी द्वितीय एवं प्रेरणा साहू, विपिन देवांगन एवं लिलेश तृतीय रहे। क्लास-टू (ए/बी) में पारूल सोनकातर, लायजा देवांगन प्रथम, वेदांत ईस्दा, याचना साहू द्वितीय एवं स्वास्तिक सोनी, शिवाय गुप्ता तृतीय रहें। क्लास थ्री (ए/बी) में श्रावी चंद्राकर, दृश्या बोहरा, लक्ष्य यादव प्रथम, संस्कृति पटेल, शौर्यजीत साहू, अनंत गुप्ता द्वितीय, सिद्धार्थ लहरे, अमय नाहटा, जान्हवी सिन्हा संयुक्त रूप से तृतीय रहें। क्लास फोर (ए/बी) मे आन्वी सोनी, तेयुशी पटेल प्रथम, झिलमिल अग्रवाल, दिव्यांश साहू द्वितीय, याशिका लाऊत्रे, तृप्ति नायक, देविशा साहू तृतीय रहें।

क्लास फाइवमें (ए/बी) गीतांजलि ठाकुर, अंजली खंडेलवाल प्रथम, एंजेल शर्मा, वेदांशी सुधाकर, प्रियांशी पंचारी द्वितीय, दिव्यांशी पटेल, मान्वेंद्र कुंजाम, केयुर देवांगन, द्रोण कुमार साहू तृतीय रहें। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में क्लास सिक्स (ए/बी) में विधिका अग्रवाल, हरलीन सोनी प्रथम, हिमांशी सोनकातर, भूपालि झूलेकर द्वितीय, वंशिका राजपूत, समृद्धि गुप्तातृतीय रहे। क्लास सेवन (ए/बी) में आयुषी गुर्वे, अभिज्ञा ठाकुर प्रथम, मानसी सोनी, डिम्पल कुमावत द्वितीय, रियांशी एवं अवनी गेदाम तृतीय रहें। क्लास एट (ए/बी) में याचना कोसरे, चित्रांगनी ईसदा प्रथम, मृनाली कन्नौजे, भूमिका साहू द्वितीय, भूमिका आर्य तृतीय रहे। क्लास नाइन में दिशा अग्रवाल प्रथम, प्रिति नायक द्वितीय एवं आशी श्रीवास्तव तृतीय रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में कुछ बच्चों ने सामूहिक रूप से प्रतियोगिता में भाग लिये। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.रामसिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने चिकित्सा अधिकारियों सहित स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार व्यक्त किया एवं दीपावली की अग्रिम हार्दिक बधाईयाँ दी। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक नवीन देवांगन ने दी।

# ग्राम मड़ियान में बच्चों को भोजन वितरण कर मनाया जन्मदिवस



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम मड़ियान स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मड़ियान में ग्राम के पूर्व सरपंच एवं वर्तमान में लाल बहादुर नगर के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को नमकीन एवं खीर-पुरी का वितरण कर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।

कार्यक्रम में श्री कांडे ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि जनमानस को इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में भागीदारी निभाकर उन्हें प्रोत्साहित करने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत इसी ग्राम से की थी और ग्रामवासियों ने सदैव उन्हें अपार स्नेह एवं सहयोग प्रदान किया है। इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे। वातावरण में उत्साह और आनंद का माहौल व्याप्त था। बच्चों ने श्री कांडे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

# धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस आज बंजारी वासडी में धूमधाम से मनाया जाएगा

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंजारी वासडी में आज बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में बौद्ध समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे होगा, जिसमें वैचारिक समाज प्रबोधन के अंतर्गत जितेंद्र दादा आसोले एवं निखिल दादा बनसोडे अपने विचार रखेंगे। इसके पश्चात संगीतमय समाज प्रबोधन का आयोजन होगा, जिसकी शुरुआत रात 9 बजे होगी। इस सत्र में तूफ़ान कॉमेडी के साथ ही मार्मिक एवं सामाजिक युवा प्रबोधकार सप्त खंजेरी वादक आकाश टाले द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 12 बजे से आवाज़ का जादूगर राष्ट्रीय प्रबोधनकार आकाश राजा एवं संच अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि कार्यक्रम का संचालन आकाशीय आकाशवाणी द्वारा किया जाएगा।

ग्राम बंजारी के समस्त बौद्ध समाजजनों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में प्रदेश एवं परिक्षेत्र के कई प्रमुख समाज पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिनमें एम.डी. वाल्दे, नारद टेंभुरकर, चतुर नंदेश्वर, डी.एस.कसारे, ओ.पी.अम्बादे, गोविंदलाल लाडेश्वर, चन्द्रप्रकाश जांभुरकर, राजकुमार सरजारे, गोपाल उमरे सहित अनेक बौद्ध उपासक-उपासिकाएं एवं प्रबुद्धजन शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम में त्योहार जैसा माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धम्म संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

### टटेंगा विद्यालय में स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण प्रारंभ



हरदी(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व्याख्याता अजय पाठक द्वारा प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण प्रारंभ किया गया। इससे विद्यार्थियों के सीखने तथा कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलती है। विशेष तौर पर पिछड़ रहे छात्रों के स्तर में सुधार करते हुए, उसे प्रथम पंक्ति के विद्यार्थियों के समकक्ष लाने का प्रयास करती है। इससे छात्र अपनी कमजोरियों को दूर कर गलतियों को सुधारने का कोशिश करते है। जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

# लॉटरी पद्धति से 43 अस्थाई पटाखा दुकानों का हुआ आवंटन



0 कृषि उपज मंडी प्रांगण में पूर्व की भाती लगेगी दुकान
0 फटाखा दुकान चयन स्थल को लेकर नगर में मुनादी जोरो पर

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई ने त्योहारों के लिए फटाखा दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस प्रक्रिया में लॉटरी सिस्टम से व्यापारियों को दुकानों के स्थान आवंटित किए गए हैं। आपको बता दे कि गुरुवार 16 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे निकाय के सभागार में लाटरी पद्धति से अस्थाई फटाका दुकानों का आबंटन किया गया। विगत वर्षों की भांति जिला मुख्यालय रोड के समीप स्थित कृषि उपज मंडी के टीन चबूतरा सेट में संचालन किया जाएगा। दीपावली के पावन पर्व पर एक सप्ताह के लिए फटाका दुकान लगाने आबंटन की कार्यवाही नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो की उपस्थिति में व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत 48 आवेदनो में 43 दुकानों का आवंटन किया गया है, जिसमें 05 व्यापारियों का लाइसेंस नहीं आने की वजह से उन्हें आबंटन नही किया गया है। जमा करने पर शेष दुकानदारों को आबंटन की कार्यवाही की जाएगी।

नगर पंचायत गंडई द्वारा प्रति दुकानदार से 2415 रुपए का शुल्क लिए जाते थे। इस समय निकाय को 15 प्रतिशत की राजस्व में वृद्धि करते हुए 2777 रुपए लिए जाएंगे, जिसमें निकाय द्वारा सफाई पेयजल सहित अन्य की व्यवस्था की जाएगी, फटाखा दुकान आबंटन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, राजस्व प्रभारी कमल किशोर नेताम, शिव ठाकुर, युगल किशोर ताम्रकार, दुकानदारों में गोल्डी अग्रवाल, अमित मोटवानी, नंदू सिंघानिया, राजेंद्र राजपूत, विजय राजपूत, हीरा देवांगन, संजू देवांगन, तबरेज खान, दिनेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा सहित अधिकतर व्यापारी उपस्थित रहे।

# रजत महोत्सव-2025 के तहत खैरागढ़ में स्व-सहायता समूह उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी एवं विक्रय मेला




खैरागढ़ (दावा)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर, खैरागढ़ में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की विक्रय सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत खैरागढ़, छुईखदान एवं जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

### स्व-सहायता समूहों की आकर्षक प्रस्तुति

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान', राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन, फास्ट फूड, चाट-गुपचुप, फिनायल, हार्पिक, साड़ी, मसाले, फोटो फ्रेम आदि उत्पादों का प्रदर्शन किया।

दीवाली पर्व के मद्देनज़र मिट्टी और गोबर से बने दीपक, अगरबत्ती, मूर्तियां, डिज़ाइनर मोमबत्तियां, रंगोली व मिठाइयों के स्टॉल नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बने।

### गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

फूड फेस्टिवल एवं प्रदर्शनी में कलेक्टर कार्यालय, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी नागरिकों ने सहभागिता की। खरीदारों की सक्रिय उपस्थिति से आयोजन स्थल पर मेले जैसा उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। कुल 11 स्टॉलों के माध्यम से 21 स्व-सहायता समूहों ने लगभग 16,500 रूपये की बिक्री की। यह आयोजन न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने वाला रहा, बल्कि स्थानीय संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकता को भी सशक्त मंच प्रदान किया।

# आज भोलापुर में युवा सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम

**श्रीमती किरण रविद्र वैष्णव एवं संजय सिन्हा होंगे अतिथि**

छुरिया (दावा)। दीपावली एवं धनतेरस के शुभ व पावन बेला मे ग्राम भोलापुर मे प्रगतिशील युवा उत्सव समिति एवं ग्रामवासीयो के सहयोग से युवा सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दिनांक 18 अक्टुबर, दिन-शनिवार को रात्रि 8 बजे से आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव (अध्यक्ष जिला पंचा.), अध्यक्षता संजय सिन्हा (अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया), विशिष्ट अतिथि कामता साहू (अध्यक्ष भाजपा मण्डल छुरिया) प्रकाश मोटघरे (जनपद सदस्य किरगाहाटोला), नैनसिंग पटेल (उपाध्यक्ष भाजपा मण्डल छुरिया), श्रीमती चमेली ठाकुर (सरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर), रूखम प्रसाद पाण्डेय (पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर), कीर्तन लाल साहू (सरपंच ग्राम पंचा. पाण्डेटोला), नकुल नेताम (पूर्व जनपद सदस्य पाण्डेटोला), मोहित सिन्हा (ग्राम पटेल भोलापुर), पूर्णानंद साहू (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर), खुमेश्वर साहू (उपसरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर) शीशुपाल साहू (अध्यक्ष जनभागीदारी समिती भोलापुर), भगतराम वैद्य (समाजसेवी भोलापुर), पूरन नेताम (वरिष्ठ कांग्रेस नेता पाण्डेटोला) एवं सुभाष ठाकुर (समाजसेवी पाण्डेटोला) उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के आयोजक प्रगतिशील युवा उत्सव समिति के अध्यक्ष भोजेश चतुर्वेदी, सचिव नरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष ललित साहू, उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, सहसचिव परस साहू ने उक्त कार्यक्रम में कलाप्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### दिवाली से पहले शेयर बाजार में जश्न! निवेशकों ने कमाए 2 लाख करोड़

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 862.23 अंक या 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,467.66 और निफ्टी 261.75 अंक या 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,585.30 पर था।

बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंकिंग इंडेक्स 622.65 अंक या 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57,422.55 पर था। निफ्टी ऑटो 1.27 प्रतिशत, निफ्टी आईटी 0.37 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.14 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 2.02 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 1.90 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 0.42 प्रतिशत और निफ्टी सर्विसेज 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 271.15 अंक या 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 59,241.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 43.80 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,131.85 पर था।

### गूगल भारत में करेगा बड़ा निवेश, 705 करोड़ रुपये से बनेगा डेटा सेंटर

नई दिल्ली। गूगल भारत में अब तक का अपना सबसे बड़ा निवेश करने जा रहा है। कंपनी आंध्र प्रदेश राज्य में 10 अरब अमेरिकी डॉलर यानी करीब 88,705 करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट करेगी। इस राशि से गूगल देश में एक अत्याधुनिक एआई डेटा सेंटर कैंपस स्थापित करेगा, जिसमें बड़े पैमाने पर डेटा स्टोर और प्रोसेस किया जाएगा। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में सामने आई है।

आंध्र प्रदेश के मंत्री ने बताया कि अल्फाबेट इंक के तहत काम करने वाली गूगल कंपनी 1 गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर का निर्माण करेगी। इस परियोजना को लेकर राज्य सरकार और गूगल के बीच मंगलवार को समझौता होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह एआई डेटा सेंटर कैंपस विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के तहत गूगल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के साथ-साथ ऊर्जा आपूर्ति और फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क को भी मजबूत करेगा। गूगल का यह बड़ा कदम ऐसे समय में आया है जब वैश्विक टेक कंपनियों के बीच एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है।

### वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर पर लगे सेक्स स्कैंडल और टैक्स फ्रॉड के गंभीर आरोप

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पहले वर्ल्ड कप विजेता कप्तान और पूर्व कोच पॉल कॉलिंगवुड हाल ही में कई विवादों में घिर गए हैं. 49 वर्षीय कॉलिंगवुड ने संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ में भी योगदान दिया था, लेकिन अब उनका नाम बोर्ड के फ्यूचर प्लान से हटा दिया गया है. विशेषज्ञों का कहना है कि उनकी अनुपस्थिति के पीछे उनके निजी जीवन और कानूनी परेशानियों की वजह है. कॉलिंगवुड ने इस साल मई से किसी भी राष्ट्रीय कोचिंग कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया है. उन्होंने नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले टेस्ट में भी पर्सनल कारण बताते हुए हाथ खींच लिया था. अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें आगामी एशेज सीरीज के लिए भी टीम में नहीं चुना जाएगा. अप्रैल 2023 से कॉलिंगवुड पर यौन संबंधों और अनुचित व्यवहार को लेकर विवाद चल रहा है.

### पाकिस्तान में भीषण आतंकी हमला, वजीरिस्तान में 7 जवानों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के वजीरिस्तान में आतंकी हमला हुआ है और यह हमला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने किया है, जिसमें पाकिस्तान के 7 सैनिक मारे गए हैं. पाकिस्तान की सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने हेलीकॉप्टर उतार दिए हैं और दोनों से भीषण गोलीबारी जारी है. आतंकी हमले में 13 जवान भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बता दें कि हमला नॉर्थ वजीरिस्तान में मीर अली में बने सेना के कैंप पर हुआ. वहीं हमला करने के लिए इतने आतंकी आए हैं कि उन्हें काबू करने के लिए पाकिस्तान की सेना को मिलिट्री हेलीकॉप्टर्स उतारने पड़े. जांच में पता चला है कि कारी जुंदुल्लाह नामक शख्स ने विस्फोटकों से भरा ट्रक आर्मी कैंप में घुसा दिया, जिस वजह से जोरदार धमाका हुआ. इस बीच आतंकियों ने अन्य सैन्य ठिकानों पर हमला कर दिया. तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली है. ञ्ञ्क की खालिद बिन वलीद फिदायीन यूनिट ने तहरीक तालिबान गुलबहादुर की मदद से हमले को अंजाम दिया.

# इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच आज टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जायेगा



इंग्लैंड की टीम अभी न्यूजीलैंड के दौरे पर है, जहां पर उन्हें मेजबान टीम के खिलाफ तीन टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। दोनों टीमों के बीच 18 अक्टूबर को टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। साल 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए दोनों टीमों के लिए ये सीरीज काफी अहम मानी जा रही है, जिसमें उनके पास अपनी तैयारियों को परखने का मौका होगा। इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मुकाबले को लेकर अपनी प्लेइंग 11 का मुकाबले के शुरू होने से 2 दिन पहले ही कर दिया है।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच में होने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच जहां 18 अक्टूबर को खेला जाएगा, तो वहीं दूसरा और तीसरा मुकाबला 20 और 23 अक्टूबर को होगा। इसमें सीरीज के शुरुआती 2 मैच जहां क्राइस्टचर्च के मैदान पर होंगे तो वहीं तीसरा मुकाबला ऑकलैंड के मैदान पर खेला जाएगा। इस सीरीज के सभी मैचों की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 11:45 से होगी। वहीं भारत में मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर बात की जाए तो उसमें मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव की ऐप पर किया जाएगा। टी20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड के रिकॉर्ड को देखा जाए तो उसमें इंग्लैंड की टीम का पलड़ा भारी दिखाई देता है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच में अब तक टी20 इंटरनेशनल में कुल 27 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से इंग्लैंड की टीम ने जहां 16 मैचों में जीत हासिल की है तो वहीं कीवी टीम 10 मुकाबलों में जीत हासिल करने में कामयाब हो सकी है। वहीं दोनों टीमों के बीच न्यूजीलैंड में खेले गए टी20 मैचों में हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो उसमें 12 मैचों में इंग्लैंड ने 8 में जीत हासिल की है तो वहीं न्यूजीलैंड 4 मुकाबलों को जीतने में कामयाब हो सकी है।

# सिर्फ 25 की उम्र में ओलंपिक चैंपियन ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे सफल तैराकों में से एक, ऑस्ट्रेलिया की एरियार्न टिटमस ने सिर्फ 25 साल की उम्र में तैराकी से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया है. चार बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर यह ऐलान किया. उन्होंने कहा कि अब उनके जीवन में कुछ चीजें तैराकी से ज्यादा अहम हो गई हैं.



टिटमस ने अपने बयान में कहा, च्मुझे हमेशा से ही तैराकी में बेहद रूचि रही है. बचपन से ही ये मेरा सपना और जुनून रहा है, लेकिन अब जब मैंने थोड़ा वक्त इस खेल से दूर बिताया, तो महसूस किया कि जीवन में और भी बहुत कुछ है, जो मेरे लिए अब ज्यादा मायने रखता है.÷ उनके इस बयान ने फैंस को भावुक कर दिया है.

एरियार्न टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की दिग्गज तैराक केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया था. खास बात यह रही कि उन्होंने इस इवेंट में नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था.

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए कैमरन ग्रीन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है, भारत के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से ठीक 2 दिन पहले ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह वनडे सीरीज के लिए मार्नस लाबुशेन को स्क्वाड में शामिल किया गया है.

कैमरन ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न की वजह से भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए हैं. इसकी ब?ी वजह ये भी है कि अगले महीने से शुरू होने वाली चर्चित एशेज सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, कैमरन ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे. इसके बाद वह एशेज सीरीज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे. कैमरन ग्रीन की जगह मार्नस लाबुशेन को वनडे स्क्वाड में शामिल किया गया है, जिन्होंने गुरुवार को क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाए थे. घरेलू सत्र में ये लाबुशेन का चौथा शतक था.

31 वर्षीय लाबुशेन ने 66 इंटरनेशनल वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.64 की एवरेज, 83.56 की स्ट्राइक रेट से 1871 रन बनाए हैं. उन्होंने भारत के खिलाफ 15 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें खेली 13 पारियों में उन्होंने 474 रन बनाए हैं. इसमें 4 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं.

# बांग्लादेश क्रिकेटर्स पर हमला, अफगानिस्तान से मिली शर्मनाक हार के बाद भड़के फैंस



नई दिल्ली। अफगानिस्तान से वनडे सीरीज हारने के बाद घर लौटे बांग्लादेश के खिलाड़ियों को फैंस के गुस्से का सामना करना पड़ा. बांग्लादेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस सीरीज में बहुत ही शर्मनाक था, तीनों मैचों में बांग्लादेश टीम ऑलआउट हुई. यूएई में हुई इस सीरीज के बाद जब बांग्लादेश प्लेयर्स स्वदेश लौटे तो उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा. कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि टीम की गाड़ी पर लोगों ने हमला भी कर दिया. बांग्लादेश के खिलाड़ी मोहम्मद नईम शेख ने सोशल मीडिया पर एक संदेश भी लिखा.

अफगानिस्तान ने पहले वनडे में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया था. पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश 221 पर सिमट गई थी. दूसरे वनडे में अफगानिस्तान 190 रन पर ऑलआउट हुई थी, लेकिन बांग्लादेश इस छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए भी 81 रन से हार गया. तीसरे मैच में तो प्रदर्शन शर्मनाक रहा, 294 का पीछा करते हुए बांग्लादेश टीम 93 रनों पर ऑलआउट हुई गई.

मोहम्मद नईम शेख ने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷हम ग्राउंड पर सिर्फ खेलते नहीं है, हम अपने देश का नाम अपने सीने पर लेकर चलते हैं. हमारे देश का झंडा हमारी जर्सी पर ही नहीं होता बल्कि ये हमारे खून में होता है. हर बॉल, रन और हर सांस के साथ हम कोशिश करते हैं कि इस झंडे को गौरवान्वित करें.÷

अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करते हुए नईम शेख ने आगे लिखा, ÷हां, कभी हम सफल और कभी असफल होते हैं. जीत-हार होती है, यही खेल की सच्चाई है.

हमें पता है कि हमारी हार आपको दुखी करती है, आपको गुस्सा आता है क्योंकि आप भी इस देश को हमारे जितना ही प्यार करते हो. लेकिन आज जिस तरह हम पर नफरत की गई, हमारी गाड़ियों पर हमला किया गया वो दुखद है. हम भी इंसान हैं, गलतियां करते हैं लेकिन हम कभी भी अपने देश के लिए प्यार और प्रयास की कमी नहीं करते.

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अभी तक 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके



नई दिल्ली। फुटबॉल को दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। फुटबॉल के महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन कनाडा, मैक्सिको और यूनाइटेड स्टेट की संयुक्त मेजबानी में होना है। इसके लिए अभी तक 28 टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है, जबकि टूर्नामेंट में पूरी दुनिया से कुल 48 टीमों को हिस्सा लेना है। अब फीफा ने अपडेट दिया है कि महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं।

फीफा की तरफ से अपडेट दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि टिकट की सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और इलाके के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं। फीफा ने बताया है कि टिकट खरीदने के मामले में टॉप-10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा।

स्नढ्ढस्न्र अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि दुनिया भर की नेशनल टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। यह एक अविश्वसनीय प्रोसेस है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। फीफा की तरफ से यह भी बताया गया है कि उसकी च्रीसेलज् साइट खुल गई है और विश्व कप फाइनल के टिकट बृहस्पतिवार दोपहर तक उपलब्ध थे। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कुल 48 टीमों को हिस्सा लेना है। इसके लिए कनाडा, मैक्सिको और यूनाटेड स्टेट ने मेजबान होने के नाते क्वालीफाई कर लिया है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 20 टीमों के नाम हुए तय

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप का अगला संस्करण साल 2026 की शुरुआत भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस मेगा टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें कुछ के नाम टी20 वर्ल्ड कप 2024 से तय हो गए थे, वहीं बाकी क्वालीफायर राउंड के जरिए अपनी जगह बना रही थी।

वहीं ईस्ट-एशिया पेसेफिक क्वालीफायर 2025 से तीन टीमों के नाम तय होने थे, जिसमें 15 अक्टूबर को नेपाल और ओमान ने जहां अपनी जगह पक्की कर ली थी, जिसके बाद कुल 19 टीमों के नाम तय हो गए थे तो वहीं अब यूएई ने भी मेगा टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह बना ली है, जिसके साथ ही टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली सभी 20 टीमों के नाम तय हो चुके हैं। ईस्ट-एशिया पेसेफिक क्वालीफायर 2025 में 16 अक्टूबर को सुपर सिक्स में यूएई और जापान की टीम के बीच में अल-अमरात क्रिकेट ग्राउंड में मुकाबला खेला गया। इस मैच में यूएई की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था, जिसके बाद उन्होंने जापान की टीम को 20 ओवर्स में 116 रनों के स्कोर पर ही रोक दिया। यूएई की तरफ से टारगेट का पीछा करते हुए अलिशान शर्फू और कप्तान मुहम्मद वसीम ने शानदार शुरुआत की जिसमें दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी देखने को मिली। इसके दम पर यूएई की टीम ने जहां टारगेट को 12.1 ओवर्स में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया तो वहीं उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली।

## प्रथम पृष्ठ का शेष.....

**गुजरात में नए मंत्रियों......**

व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर उदासीनता बरतने और भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उन्हें इस बार सीधे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। गुजरात सरकार के नए मंत्रिमंडल में दिग्गज पाटीदार नेता के रूप में ऋषीकेश पटेल निर्विवादित रूप से उभकर सामने आए। जबकि, कोली पटेल समुदाय के कुंवरजी बावलिया व राज्यमंत्री परषोत्तम सोलंकी भी अपना मंत्री पद बचाने में सफल रहे।

0 क्रिकेटर रवींद्र जाडेजा की पत्नी रीवाबा को मिला मंत्रिपद

दक्षिण गुजरात के वरिष्ठ व अनुभवी ब्राह्मण नेता कनुभाई देसाई का मंत्री पद भी यथावत रहा। मोरबी झूलता पुल हादसे के दौरान देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य में जुटे रहने वाले कांति भाई अम्रतिया भी पहली बार मंत्री बने। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले पोरबंदर से विधायक अर्जुन मोढवाडिया को उनके कद के अनुसार मंत्रिमंडल में स्थान मिला। वह ओबीसी समुदाय से आते हैं। सौराष्ट्र के भावनगर से विधायक एवं पूर्व मंत्री जीतेंद्र भाई वाघाणी को भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला। आंदोलन से पहचान बनाने वाले ओबीसी एकता मंच के नेता अल्पेश ठाकोर व पाटीदार आरक्षण आंदोलन समिति के नेता हार्दिक पटेल को मंत्री नहीं बनाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के समधी एवं उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत नए मंत्रिमंडल में स्थान पक्का नहीं करा सके। उनके स्थान पर क्रिकेटर रवींद्र जाडेजा की पत्नी रीवाबा जाडेजा को क्षत्रिय कोटे से मंत्री बनाया गया।

0 नए मंत्रिमंडल में पाटीदार व ओबीसी समेत ये समुदाय शामिल

नए मंत्रिमंडल में पाटीदार व ओबीसी के साथ ही आदिवासी समुदाय के चार व दलित समुदाय के तीन मंत्री बनाए गए। अहमदाबाद के पूर्व उपमहापौर दर्शनाबेन वाघेला व वडोदरा से विधायक मनीषा वकील को राज्यमंत्री बनाया गया। उत्तर गुजरात की वाव विधानसभा सीट के उप चुनाव में कांग्रेस सांसद गेनीबेन ठाकोर के करीबी को मात देने वाले स्वरूपजी ठाकोर इस बार बाजी मार ले गए। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिलकर नए मंत्रियों की सूची सौंपी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल भाजपा विधायकों से मिले। बंसल ने मंत्रिमंडल से बाहर किए गए नेताओं से मिलकर उन्हें आलाकमान का निर्णय बताया।

# छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 210 माओवादियों ने किया सरेंडर, अबूझमाड़ जंगल का 4,400 वर्ग किमी क्षेत्र माओवाद मुक्त



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में शुक्रवार को सेंट्रल कमेटी सदस्य व दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता रूपेश उर्फ विकल्प के नेतृत्व में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) सदस्य भास्कर उर्फ राजमन मंडावी, रनीता, राजू सलाम सहित 210 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। मंच पर जैसे ही माओवादी पहुंचे, लाल बंदूकें झुक गईं और उनके हाथों में संविधान की किताब और लाल गुलाब थे। यह प्रतीक था हिंसा से शांति की ओर यात्रा का। इस समर्पण के साथ अबूझमाड़ के 4400 वर्ग किमी, कांकेर जिले और महाराष्ट्र सीमा तक का क्षेत्र माओवाद मुक्त हो गया है। माओवाद के सशस्त्र आंदोलन का यह सबसे निर्णायक मोड़ है, क्योंकि इसके साथ ही माड़ डिवीजन, गढ़चिरौली कमेटी, उत्तर-पूर्वी बस्तर डिविजन, कंपनी नंबर-1 और 10, संचार, प्रेस और डाक्टर टीम पूरी तरह संगठन से बाहर आ चुकी हैं। यह माओवादी आंदोलन के अंतिम अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। अब बस्तर में सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ही माओवादियों सिमट कर रह गए हैं।

कार्यक्रम स्थल पर सफेद कपड़े का आवरण हटते ही हथियारों का ढेर सामने आया। 19 एके-47, 17 एसएलआर(सेल्फ लोडिंग राइफल), 23 इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी (लाइट मशीनगन), एक यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर), 36 थ्री-नाट-थ्री राइफल, चार कार्बाइन, 11 बीजीएल (बैरेल ग्रेनेड लांचर), 41 नग 12 बोर बंदूकें और एक पिस्टल। पुलिस महानिदेशक अरुण गौतम, आइजीपी सुंदरराज पी. और सुरक्षा बलों की मौजूदगी में कुल 153 हथियारों के साथ यह आत्मसमर्पण अब तक का सबसे बड़ा माना गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा ने जगदलपुर में ही पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर से शांति का संदेश दिया।

# DIG हरचरण भुल्लर: कोठी से 7.5 करोड़ कैश, ढाई KG सोना



चंडीगढ़। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर वीरवार को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और बिचौलिए को चंडीगढ़ जिला अदालत में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सीबीआई ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और बिचौलिए पंजाब के नाभा निवासी कृष्णू को फतेहगढ़ साहिब के एक स्क्रैप डीलर से 8 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले में मोहाली से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से जुड़े रिश्वत मामले की जांच के तहत पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर व्यापक छापेमारी भी की है। इस दौरान सीबीआई को भारी मात्रा में नकदी, सोना, लग्जरी घड़ियां और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच एजेंसी की छापेमारी में उनके घर और फार्म हाउस से भी सामान मिला है वह बेशकिमती है। उनके फार्महाउस से महंगी शराब और हथियार मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को महंगी शराब और हथियारों का शौक है। उनके पास से 7.5 करोड़ कैश, करीब 2.5 किलोग्राम सोने के गहने रॉलेक्स और रॉडो ब्रांड की 26 लग्जरी घड़ियां परिवारजनों और संदिग्ध बेनामी नामों पर 50 से अधिक अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए है।

# राहुल गांधी ने जुबीन गर्ग के परिवार से की मुलाकात: दी भावुक श्रद्धांजलि, बोले- असम को जानना चाहिए सिंगापुर में क्या हुआ



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को गुवाहाटी का दौरा किया जहां उन्होंने दिवंगत असमिया गायक जुबीन गर्ग के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जुबीन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में राहुल गांधी को जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग और अन्य परिजनों से मिलते हुए देखा गया। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और जुबीन की मौत पर चल रही जांच का समर्थन दिया।

मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा- मेरे लिए यह बेहद दुखद क्षण है। मैंने परिवार से कहा कि काश मैं किसी सुखद मौके पर यहां आता। जब मैं 17 साल का था, तब सिक्किम में माउंटेनियरिंग कोर्स के दौरान रोज कंचनजंघा को देखता था। मुझे पहाड़ इसलिए पसंद हैं क्योंकि वे ईमानदार, अडिग और खूबसूरत होते हैं। जुबीन गर्ग का निधन 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुआ था। उनकी मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में किसी भी प्रकार की साज़िश या फाउल प्ले के सबूत नहीं मिले हैं। बयान के अनुसार, मामला सिंगापुर के कोरोनर्स एक्ट 2010 के तहत जांच में है और पूरी प्रक्रिया में तीन महीने तक का समय लग सकता है। इसके बाद जांच रिपोर्ट स्टेट कोरोनर को सौंपी जाएगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहें न फैलाएं और जांच पूरी होने तक धैर्य बनाए रखें। इस बीच, असम पुलिस ने जुबीन गर्ग की मौत से जुड़ी जांच के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नॉर्थईस्ट फेस्टिवल ऑर्गनाइज़र के ऑर्गेनाइजर श्यामकानु महंत शामिल हैं जिन्होंने सिंगापुर में जुबीन के लिए शो ऑर्गेनाइज करवाया था।

# छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित हुए खैरागढ़ के उत्कृष्ट शिक्षक



खैरागढ़ (दावा)। छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष कामरेड स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के पुण्य स्मृति में स्वर्गीय चन्द्राकर की सुपुत्री, छत्तीसगढ़ उड़ान के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महिला जागृति मंच दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव निधि चन्द्राकर के विशेष सौजन्य से विमतारा, इन्द्रावती कालोनी, शांतिनगर राजधानी रायपुर में गत 11 अक्तूबर को राज्य स्तरीय भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों का स्मृति चिन्ह, शाल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र तिवारी थे, अध्यक्षता राजेन्द्र चन्द्राकर ने किया, विशेष अतिथि सुनिल शुक्ला रहे एवं परस राम साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, सामने दीप प्रज्वलित कर, पूजा अर्चना के साथ हुआ। पश्चात अतिथियों का सुमन गुच्छ भेंटकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर के जानकारी अनुसार शिक्षा, साहित्य, नवाचार, कला, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अप्रतिम कार्य शैली के लिए शिक्षा कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित होने वाले छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के उत्कृष्ट शिक्षक, पत्रकार, समाज सेवी एवं कलाकारों में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय व जिला पदाधिकारीगण, सदस्यगण, पत्रकार गण एवं समाजसेवी गण सामिल हैं। सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षकों में से खैरागढ़ विकासखण्ड से इंदिरा चंद्रवंशी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खपरी सिरदार, श्रीमती सुनिता सिंह शासकीय प्राथमिक शाला मुतेड़ा नवागांव, अजय सिंह राजपूत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दपका, श्यामा बोरकर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ईटार के शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलम राजपूत, खण्ड स्तोत्र समन्वयक सूजीत चौहान, कमलेश्वर सिंह, संकुल समन्वयक गिरवर बंजारे, निखिल सिंह, गणेश रजक प्रेमलाल महिमा, रघुनाथ सिन्हा, हरिप्रसाद चंद्रवंशी, चंदन मिंज, ज्योति अग्रवाल, ब्रजेश दास ललीता देवांगन सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट परीक्षा-शिक्षकों की सामूहिक पहल

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जनजाति विकास एवं उत्थान संस्थान संगठन जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी एवं शिक्षक संकल्प टोली के तत्वावधान में विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12:30 बजे से संस्कार उत्तर माध्यमिक विद्यालय, अम्बागढ़ चौकी में आयोजित होगी। इस मॉक टेस्ट परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के स्तर की तैयारी का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, जिससे ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के प्रति अधिक सजग और आत्मविश्वासी बन सकें।

कार्यक्रम का संचालन बी.ई.ओ. श्री एस. के.धीवर एवं बी.आर.सी. संतोष पांडे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। परीक्षा आयोजन को सफल बनाने में मनहरण पिथौरा, लेकेश्वर ठाकुर, लेख राम ठाकुर, रतन ठाकुर, नीलकंठ कोमरे, दिलीप खरे, मनोज चंद्रवंशी, व्यासु साहू, पुखराज, राजेश्वर साहू, देव यादव, भजन साहू, विजय ठाकुर, रामकुमार, नरेश निषाद, सुभाष कुमार, सहित अम्बागढ़ चौकी के सभी शिक्षकगण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। यह सामूहिक प्रयास विद्यार्थियों में शैक्षणिक जागरूकता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करेगा तथा क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेगा।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में अंतर विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल नित नए आयाम सृजित करता है, इसी क्रम में आज दिनांक 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को अंतर विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 14 स्कूल के 46 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वाचिक, भाषायी और विचारात्मक बौद्धिक क्षमता को विकसित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्ल्पण एवं दीप प्रज्ज्वल के साथ हुआ।

अतिथियों का स्वागत प्राचार्या रेखा तिवारी जी, विभाग के प्रमुख प्रियंका शर्मा एवं विभागीय शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ के माध्यम से किया गया। प्राचार्या रेखा तिवारी जी ने अंग्रेजी भाषा को उत्तरोत्तर उन्नति की ओर ले जाने एवं विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में अपने विचार को प्रमुखता में प्रेषित करने पर बल दिया। आज की प्रतियोगिता दो भागों में आयोजित की गई जिसमें कक्षा IX एवं X का विषयः-पर्यावरण को नष्ट किए बिना विकास संभव है- (डेवलपमेंट इस इंपासिबलविदाउटडिस्ट्राइंग द इनवायरमेंट) एवं कक्षा IX एवं XII शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शिक्षा में प्रयोग सीखने को बढ़ावा देना या रचनात्मकता को नष्ट करना (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस इन इडुकेशनलर्निंग आरकिलिंग क्रियेटीविटी) विषय पर पक्ष और विपक्ष में सभी प्रतिभागियों ने अपनो विचार प्रस्तुत किए



। जिस में IX एवं X पक्ष से विद्यायार्थी का नाम श्रेष्ठ प्रवक्ता काव्या जैन (JLM Gayatri Vidya Peeth, Rajnadgaon), प्रथम स्थान पर रिती मेश्राम (Royal Kids Convent, Rajnadgaon) तथा द्वितीय स्थान पर सान्वी (MGM, Bhilai) विजेता रहे । विपक्ष में श्रेष्ठ प्रवक्ता शम्भावि सिंह (DPS, RishaliBhilai), प्रथम पर विधी (Weidner Men, S.S.School) द्वितीय प्रियाल राजा (JLM Gayatri Vidya Peeth) रहें तथा IX एवं XII से श्रेष्ठ प्रवक्ता, गोयल (Yugantar Public School, Rajnandgaon) प्रथम स्थान पर स्वपनिल मुखर्जी (NPS, Rajnadgaon) तथा द्वितीय नैना नायर (MGM, Rajnandgaon) विजेता रहे। विपक्ष में श्रेष्ठ प्रवक्ता जोएडहर भुषण (Weidner Mem. Sen. School, Rajnandgaon), प्रथम स्थान पर नेहा साहू (Shakuntala Vidyalaya, Bhilai) द्वितीय लक्षिता तिवारी (NPS, Rajnadgaon) विजेता रहें ।

इस गरिमामय निर्णाय कों में डॉ. सिंधु नायर एवं डॉ. नीतू शर्मा रहे। इन्होंने अंग्रेजी भाषा की गरिमा बडाने हेतु बच्चों को प्रेरित किया । शाला प्रबंधन ने सभी विजेताओं को हार्दिक अभिनंदन एवं सहारना करती है कि, उन्होने अपने कौशल के माध्यम से अन्य लोगो हेतु प्रेरणा का स्त्रोत बने। संस्था के प्रबंधकगण ललित जी अग्रवाल (अध्यक्ष), अतुल जी देशलहरा (सचिव), रेखा तिवारी (प्राचार्या) ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की । विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । निर्णायकों को संस्था प्रमुख द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया ।

# युगांतर में दीपावली मिलन समारोह का शानदार आयोजन



( प्रबंधन ने टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली का उपहार देकर दिल जीता )

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़ीया, जितेंद्र भंसाली, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। प्रबंध समिति ने विद्यालय के टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली का उपहार देकर दिल जीता। युगांतर के प्राचार्य मधुसूदन नायर सहित अन्य स्टाफ को भी दीपावली उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। युगांतर के सभी स्टॉफ ने प्रबंधन की इस अनूठी पहल का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। दीपावली मिलन समारोह की शुरूआत माता की पूजा अर्चना से हुई। संस्था के पदाधिकारियों तथा प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित करके समारोह की विधिवत शुरूआत की। संगीत शिक्षक टी विशाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पॉल, नम्रता तिवारी, परमजीत ठाकुर, बलवंत निषाद ने शानदार गीत गाकर खूब तालियाँ बटोरी। विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो।

उन्होंने जैसे ही यह घोषणा की कि प्रबंधन सभी स्टॉफ के लिए स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान कर रहा है, वैसे सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इसी तारतम्य में निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व पुनः नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए सार्थक सिद्ध हो। उन्होंने पुनः समर्पण के साथ कार्य करने के लिए जोर दिया। उन्होंने सभी टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने आगे कहा कि सभी स्टॉफ को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की पहल चेयरमैन ने की, फिर हम सभी ने इस पहल का समर्थन किया। संस्था की प्रगति टीम भावना के साथ कार्य करने पर ही निर्भर होती है। नान टीचिंग स्टॉफ से मेस प्रभारी, ट्रांसपोर्ट, सुपरवाइजर, वार्डन अपने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सम्मानित हुए। समारोह का शानदार संचालन प्राचार्य मधुसूदन नायर ने किया।

# गृहणी से बनीं डॉक्टरेट - डॉ. वर्षा अभिषेक जोशी ने रसायन शास्त्र में किया पीएचडी, राज्यपाल के हाथों मिली उपाधि



जोशी परिवार और समाज का गौरव बनीं डॉ. वर्षा, दोनों कुलों का नाम किया रौशन

राजनांदगांव (दावा)। श्री राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण समाज राजनांदगांव के प्रतिष्ठित परिवार की सदस्य डॉ. (श्रीमती) वर्षा अभिषेक जोशी ने रसायन शास्त्र विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर समाज एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

डॉ. वर्षा जोशी, वैद्य शिवशंकर जोशी एवं श्रीमती किरण जोशी की पुत्रवधू हैं। वे स्व. वैद्य पंडित मथुराप्रसाद जोशी एवं स्व. श्रीमती बनारसी देवी की पौत्रवधू हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ गौड़ ब्राह्मण समाज, कटघोरा के डॉ. स्व. महेंद्र कुमार कौशिक एवं श्रीमती पुष्पा कौशिक की सुपुत्री हैं।

उन्होंने अपने पारिवारिक एवं गृहस्थ उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रसायन शास्त्र विभाग में अपना अनुसंधान कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके मार्गदर्शक डॉ. श्रीमती जयती मित्रा (Pro Vice Chancellor, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय) तथा सह-मार्गदर्शक डॉ. संतोष सार (विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, बीआईटी भिलाई) रहे। आज डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा (बिलासपुर) के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रामेन डेका के करकमलों से डॉ. वर्षा जोशी को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की जाएगी। डॉ. वर्षा अभिषेक जोशी ने यह सिद्ध किया है कि एक गृहिणी भी दाम्पत्य जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर सकती है। उन्होंने दोनों कुलों-मायका और ससुराल-सहित पूरे समाज का नाम ऊँचा किया है।

# विक्रम और नीलिमा ने जीता गोल्ड



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थी विक्रम और नीलिमा ने कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई द्वारा हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयीन खिलाड़ियों हेतु कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ी विक्रम चंद्रवंशी 65 किलो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। विक्रम नवंबर में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। योगा की छात्रा नीलिमा साहू ने 53 वर्ग किलो में स्वर्ण पदक जीता वे नवंबर में कोटा राजस्थान में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ऋषभ साहू ने सिल्वर मेडल जीता। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुचित्रा गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, दीपक परगनिहा रजिस्ट्रार, अरूण चौधरी क्रीड़ाधिकारी, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

# अहंकार पतन का कारण बनता है-मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा) श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि चारित्र ज्ञान कितना भी हो किन्तु अहंकार यदि है तो यही अहंकार पतन का कारण बनता है। यदि हम परिषह सहन कर सकते हैं तभी हम अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं। जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि मनुष्य भव मिलना मुश्किल है। यह भव हमें मिला है तो हम इसका लाभ क्यों नहीं उठाते धर्म-कर्म करोगे तो आत्म कल्याण के मार्ग में निश्चित ही बढ़ोगे। आत्मा को शक्तिशाली बनाने के लिए सहनशील बनो और अपने को धीरे-धीरे मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ाओ। इससे पूर्व



उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को भव्य मुनि ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरु बहुत ही जानकर बनाओ। आपने यदि गुरु बना लिया तो उसे अपने आपको समर्पित कर दो। यह निश्चित मान लो कि आपने अपने आपको जिस दिन गुरु के सुपुर्द कर दिया, उस दिन से आपके गुणों में निखार आता जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# चारों जिलों में सतत् विद्युत व्यवस्था बनायें रखने के लिए ईडी श्री सेलट ने सभी मैदानी अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। मोहला/ खैरागढ़/ कवर्धा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने विद्युत व्यवस्था की शिकायत के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण की भी बात कही है। चारों जिले के सभी उपसंभाग एवं वितरण केन्द्रों के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं तथा सतत् व्यवस्था बनाये रखने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के संकेत भी उनके द्वारा दिये गये हैं।

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि त्यौहार के इस सीजन में विभिन्न प्रकार के सजावट के कारण विद्युत लाईनों एवं उपकरणों में अतिरिक्त लोड की संभावना को देखते हुए मेंटेंनेस टीम को अलर्ट पर रखा गया है। सभी विभागीय संभाग के अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण आरक्षित रखने तथा विद्युत व्यवधान की स्थिति में संबंधित क्षेत्र में तत्काल पहुँचकर विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये है। उन्होने उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए निकटतम विद्युत कार्यालय एवं वितरण केन्द्रों के दूरभाष नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा दीपोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों से सहित आमनागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट फटाके, राकेट, अनारदाना इत्यादि नहीं जलने की समझाईश दी गई है। श्री सेलट ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक दीपोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दीपोत्सव पर्व पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान, तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्तागण राजनांदगांव शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं। प्रमुख शिकायत केन्द्रों के दूरभाष नंबर यथानुसार है- राजनांदगांव शहर के कैलाश नगर के 07744-220251, 07744-225115 लालबाग के 07744-222557, 62695-06619 विद्यमान शिकायत केन्द्र एवं जिले के वितरण केन्द्रों के उपलब्ध दूरभाष नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## निकटतम विद्युत कार्यालयों के दुरभाष नंबर जारी किये गये हैं:-



### जिला - राजनांदगांव

राजनांदगांव वेस्ट जोन, सहायक अभियंता मो.नं. 79876-95332, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 99072-46174, राजनांदगांव ईस्ट जोन, सहायक अभियंता मो.नं. 91659-15291, कनिश्ठ अभियंता मो.नं. 82239-87044, राजनांदगांव ग्रामीण उपसंभाग, सहायक अभियंता मो.नं. 87703-40999, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 95019-06840, वितरण केन्द्र कार्यालय सिंघोला कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 81099-75442, वितरण केन्द्र कार्यालय अर्जुनी, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 70009-83969, बोरी उपसंभाग, सहायक अभियंता मो.नं 94241-22634., वितरण केन्द्र कार्यालय बोरी कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 76469-56300, वितरण केन्द्र कार्यालय तुम?ीबो? कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 89822-23854, वितरण केन्द्र कार्यालय सोमनी कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 91799-08100, वितरण केन्द्र कार्यालय ठेलकाडीह कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 75874-37477, वितरण केन्द्र कार्यालय घुमका कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 74709-18189, डोंगरगढ़ उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 94241-24192, वितरण केन्द्र कार्यालय डोंगरग? शहर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 88395-55692, वितरण केन्द्र कार्यालय बम्हनी चारभांठा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 79878-15335, वितरण केन्द्र कार्यालय ग्रामीण, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87701-86211, वितरण केन्द्र कार्यालय ढारा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87706-62945, वितरण केन्द्र कार्यालय मुसराकला, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 88398-63351, छुरिया उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 94241-18328, वितरण केन्द्र कार्यालय छुरिया, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 94252-28410, वितरण केन्द्र कार्यालय लाल बहादुर नगर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62613-10556, वितरण केन्द्र कार्यालय मुरमुंदा कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87701-86211, वितरण केन्द्र कार्यालय सड़क चिरचारी, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62613-10556, डोंगरगांव, उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 88391-57325, वितरण केन्द्र कार्यालय, डोंगरगांव शहर, कनिष्ठ अभियंता, मो.नं. 74768-03602, वितरण केन्द्र कार्यालय खुज्जी, कनिष्ठ अभियंता, मो.नं. 89598-41752, वितरण केन्द्र कार्यालय, डोंगरगांव ग्रामीण, कनिष्ठ अभियंता, मो.नं. 74768-03602, वितरण केन्द्र कार्यालय कुमरदा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62666-43800, वितरण केन्द्र कार्यालय गैंदाटोला, कनिष्ठ अभियंता, मो.नं. 62666-43800,

### जिला - मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

चौकी उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 90987-83749, वितरण केन्द्र कार्यालय चौकी कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 94255-79624, वितरण केन्द्र कार्यालय कौड़ीकसा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87703-95967, वितरण केन्द्र कार्यालय बांधा बाजार कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 88892-73463, मोहला उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 99931-02711, वितरण केन्द्र कार्यालय मोहला कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 92019-58392, वितरण केन्द्र कार्यालय गोटाटोला, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 74705-41724, वितरण केन्द्र कार्यालय मानपुर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 91319-34688, वितरण केन्द्र कार्यालय खड़गांव, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 88392-41964, वितरण केन्द्र कार्यालय औधी, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 88394-50977,

### जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

खैरागढ़ उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 97551-18763, वितरण केन्द्र कार्यालय खैरागढ़ शहर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 97551-18763, वितरण केन्द्र कार्यालय, अमलीपारा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41137, वितरण केन्द्र कार्यालय खैराग? ग्रामीण, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87709-66477, वितरण केन्द्र कार्यालय पांडादाह, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41141, वितरण केन्द्र कार्यालय जालबांधा, कनिश्ठ अभियंता मो.नं. 81038-98059, छुईखदान उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता, मो.नं. 62329-41142, वितरण केन्द्र कार्यालय छुईखदान, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 77460-60038, वितरण केन्द्र कार्यालय अतरिया, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41138, वितरण केन्द्र कार्यालय गंडई, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41139, वितरण केन्द्र कार्यालय साल्हेवारा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-42206, वितरण केन्द्र कार्यालय बुंदेली, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-42155, वितरण केन्द्र कार्यालय पैलीमेटा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 96179-28409, वितरण केन्द्र कार्यालय धोधा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं 96179-28409,।

### जिला - कबीरधाम

कवर्धा जोन कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 99074-49750, वितरण केन्द्र कार्यालय कवर्धा शहर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 89823-90912, कवर्धा उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 79742-66789, वितरण केन्द्र कार्यालय कवर्धा ग्रामीण, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 91313-68762, वितरण केन्द्र कार्यालय रवेली, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 96911-44007, वितरण केन्द्र कार्यालय राजानवागांव, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 91313-68762, पिपारिया उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 99817-41835, वितरण केन्द्र कार्यालय पिपरिया, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 73389-68037, वितरण केन्द्र कार्यालय इंदौरी, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 75873-7759, वितरण केन्द्र कार्यालय मरका, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 75871-18505, वितरण केन्द्र कार्यालय उडिया, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 83494-74618, सहसपुर लोहारा उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 93996-44416, वितरण केन्द्र कार्यालय सहसपुर लोहारा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 83494-74618, वितरण केन्द्र कार्यालय बिडोरा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 83494-74618, वितरण केन्द्र कार्यालय रामपुर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 79742-66789, वितरण केन्द्र कार्यालय रेंगाखार, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 75874-69506, पंडरिया उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 93034-06435, वितरण केन्द्र कार्यालय पंडरिया, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87703-82780, वितरण केन्द्र कार्यालय कुण्डा, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 87705-44584, वितरण केन्द्र कार्यालय कुकदूर, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41627, वितरण केन्द्र कार्यालय कापादाह, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 89828-92824, बो?ला उपसंभाग कार्यालय, सहायक अभियंता मो.नं. 89592-98660, वितरण केन्द्र कार्यालय बोडला, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41124, वितरण केन्द्र कार्यालय पांडातराई, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41125, वितरण केन्द्र कार्यालय चिल्फी, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 75871-81505, वितरण केन्द्र कार्यालय तरेगाँव, कनिष्ठ अभियंता मो.नं. 62329-41128।




दैनिक ''दावा'' की ओर से सभी सुधी पाठकों को धनतेरस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...






















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com